जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 159 प्रभात अजमेर, मंगलवार 7 जनवरी, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# एलन मस्क अब केवल अमेरिका के आंतरिक मामलों के ''विशेषज्ञ'' ही नहीं रहे

## वे अब अन्य देशों, उदाहरण के लिये इंगलैण्ड व जर्मनी, के राष्ट्राध्यक्षों की भी ''क्लास'' लेने लगे हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद एलन मस्क अमेरिका में न केवल ''एक्स्ट्रा कॉन्स्टिट्यूश्नल पावर,'' परा संवैधानिक शक्ति केन्द्र के रुप में उभर रहे हैं, बल्कि एक कूटनीतिक ''क्रशिंग बॉल'' भी बन रहे हैं। (क्रशिंग बॉल वह उपकरण है जो इमारतों को तोड़ने के काम आता है)।

हाल ही में इन्होंने ब्रिटिश सरकार को निशाना बनाया। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री और ब्रिटिश सरकार की कड़ी आलोचना की, जो एक तरह से ब्रिटेन और अमेरिका की एतिहासिक दोस्ती पर भारी प्रहार था।

इससे पहले एलन मस्क ने जर्मनी की सरकार और चांसलर ओलाफ शोल्त्ज़ की आलोचना की थी, क्योंकि वे अपराधियों पर कार्यवाही करने में असफल रहे हैं। मस्क ने जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी ए.एफ.डी. को शोलत्ज़ सरकार का बेहतर विकल्प बताया था। जर्मनी में जल्दी ही नए चुनाव होने वाले हैं और नई सरकार बनने की संभावना है।

- मजे की बात है, ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद, इन सार्वभौम देशों के प्र.मंत्री/चाँसलर आदि भी ट्रम्प को ''खुश'' रखने की दृष्टि से मस्क की इन तीखी टिप्पणियों को अपने देश के आंतरिक मामलों में दखलदांजी नहीं मान रहे, बल्कि, मस्क की टिप्पणियों का झूठा-सच्चा, विनय पूर्वक जवाब देने में लगे हैं।
- मस्क ने ब्रिटेन के वर्तमान प्र.मंत्री पर आरोप लगाया कि वर्षों ही नहीं, दशकों तक इंगलैण्ड में बच्चियों का बलात्कार व शोषण हो रहा था, कुछ पाकिस्तानी गिरोहों द्वारा, पर, ब्रिटेन की सरकार चुपचाप देखती रही, इन कृत्यों को ज्यादा प्रचारित करने व सख्त दण्डनीय कार्यवाही करने से कतराती रही, क्योंकि उसे डर था कि सख्ती करने से उन पर ''रेसिस्ट'' का ठप्पा लग सकता है, और वह अपने पर ''इस्लामी फोबिया'' होने की तोहमत भी नहीं लगवाना चाहती थी।

मस्क ने ब्रिटिश सरकार के आचरण व संस्थागत विफलताओं की इतनी कड़ी आलोचना की, कि प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर को अपने बचाव के लिए आगे आना पड़ा, पर मस्क का खुलासा इतना जबर्दस्त है कि इसका गंभीर परिणाम होगा।

मस्क ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री को ''घटिया'' करार दिया और कहा कि जिसने भी बच्चों के यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामलों की नए सिरे से जांच की मांग की, उसे स्टारमर ने कट्टर दक्षिणपंथी करार दिया।

मस्क ने मौजूदा प्रधानमंत्री की ब्रिटिश सरकार के डायरैक्टर ऑफ पब्लिक प्रॉसिक्यूशन की भूमिका की भी कड़ी आलोचना की तथा उनके करीबी लोगों पर भी निशाना साधा।

मस्क का आरोप था कि सरकार और ब्रिटिश अधिकारियों के पूरे एक समूह ने पाकिस्तानी ''ग्रूमिंग गैंग्स'' द्वारा छोटी लड़कियों के यौन शोषण व दुष्कर्म के खिलाफ पीड़िताओं व उनके माता-पिता की अपीलों की अनदेखी की, क्योंकि उन्हें डर था कि उन पर रंगभेद व इस्लाम से डरने वाले का ठप्पा लग सकता है।

मस्क ने ऐसे समय में ब्रिटिश सरकार पर निशाना साधा है, जब समूची ब्रिटिश सरकार अमेरिका के नए राष्ट्रपति से अच्छे रिश्ते बनाने में जुटी है। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोप के कई देशों की सरकारों व नेताओं की आलोचना की है, क्योंकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डूंगरपुर में 2 माह के बच्चे में चीनी वायरस मिला

डूंगरपुर, 6 जनवरी (निसं)। चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी की डूंगरपुर में दो महीने के बच्चे में पुष्टि हुई है। बच्चा 12 दिन से अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती है। बच्चा अभी स्वस्थ बताया जा रहा है। बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। परिवार के लोग बच्चे को गुजरात के मोडासा लेकर गए, जहां बच्चे को आराम नहीं मिलने पर, उसे अहमदाबाद के ऑरेंज हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

- अहमदाबाद के अस्पताल में 12 दिन से भर्ती बच्चा अब स्वस्थ बताया जा रहा है।
- अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार, शुरु में 5 दिन बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया था। इसके बाद की जाँचों में वायरस से संक्रमित होने की बात सामने आयी थी।

हॉस्पिटल के डॉ. नीरव पटेल ने बताया कि शुरुआत में उसे पांच दिनों तक वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई कई जांचों में बच्चे के वायरस से संक्रमित होने की बात सामने आई। प्रीमैच्योर डिलीवरी की वजह से बच्चे के फेफड़ों में इंजेक्शन भी लगाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कांग्रेस दिल्ली में जीती तो महिलाओं को हर माह 2500 रूपए देगी'

## कांग्रेस ने दिल्ली में ''प्यारी दीदी'' योजना की घोषणा करते हुए वादा किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस ने आज ''प्यारी दीदी योजना'' की घोषणा की, जिसके तहत, पार्टी ने वचन दिया है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर प्रत्येक महिला को 2,500 रूपए प्रति माह दिये जायेंगे।

इस योजना की घोषणा पार्टी की दिल्ली इकाई के कार्यालय में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन तथा पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ मिलकर की।

मीडिया को संबोधित करते हुये, शिवकुमार जो कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, ''हम प्यारी दीदी योजना'' लाँच कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार आयेगी। हम मंत्रिमंडल की पहली मीटिंग वाले दिन इस योजना को लागू कर देंगे।''

उन्होंने कहा कि ''प्यारी दीदी योजना'' के तहत, कर्नाटक मॉडल के अनुरुप, दिल्ली की प्रत्येक महिला को 2,500 रूपए प्रति माह दिये जायेंगे।

- कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काज़ी निज़ामुद्दीन और पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पार्टी कार्यालय में इस योजना की घोषणा की।
- डी.के. शिवकुमार ने इस दौरान पत्रकारों से वार्ता कर बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस ने सरकार बनने के तीन माह बाद ही सभी गारंटियां लागू कर दी थीं और उन्हें यकीन है कि दिल्ली में भी कांग्रेस सरकार बनी तो यह योजना लागू होगी।
- दिल्ली प्रभारी काज़ी निज़ामुद्दीन ने कहा कि दिल्ली के लिए यह कांग्रेस की पहली गारंटी है।
- दिल्ली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पार्टी ने कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना, सभी जगह वादे निभाएं हैं। पार्टी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है।

शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने जिन गारंटियों का वादा किया था, राज्य में सत्ता में आने के तीन महीनों के अंदर, वे सभी गारंटियों को क्रियान्वित कर दिया गया था।

कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुये, उन्होंने कहा, ''महिलाएं पूरे राज्य में बसों में फ्री यात्रा कर रही हैं, बेरोज़गार युवाओं को 3,000 रूपए दिये जा रहे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में भाजपा की मदद के लिए संघ ने 100 स्वयंसेवक उतारे

## बताया जाता है कि संघ ने महाराष्ट्र व हरियाणा में भी यही नीति अपनाई थी जिससे भाजपा हारी हुई बाजी जीत गई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दिल्ली के आसन्न विधानसभा चुनावों से पूर्व जनसम्पर्क अभियान शुरु कर दिया है ताकि उसकी भारतीय जनता पार्टी के प्रचार को बल मिल सके।

विस्तृत जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि आर.एस.एस. का यह सम्पर्क अभियान महाराष्ट्र और हरियाणा में किये गये उसके प्रयासों की ओर भी इंगित कर रहा है, जहाँ दोनों राज्यों में भाजपा के विरूद्ध सत्ता-विरोधी माहौल और प्रशासनिक कमियों को लेकर प्रतिकूल जमीनी स्थिति को मात देकर सत्ता हासिल कर ली थी।

हरियाणा में भाजपा ने अपने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये 90 में से 48 सीटें जीती थीं तथा महाराष्ट्र में भाजपा, शिव सेना (शिंदे गुट) तथा एन.सी.पी. (अजित पवार) से मिल कर बने महायुति गठबंधन ने 288 में से 228 सीटों पर विजय प्राप्त की थी।

- जानकार सूत्रों ने बताया कि गत कुछ सप्ताह से वरिष्ठ संघ नेताओं और भाजपा नेताओं के बीच मीटिंग हो रही है, जिसमें चुनाव की सैंट्रल थीम सैट की गई है।
- सूत्रों ने बताया कि संघ दिल्ली में बाँग्लादेशियों व रोहिंग्या की घुसपैठ से चिंतित है, इसलिए वह दिल्ली में भाजपा को सत्ता में लाना चाहता है।
- संघ के ये 100 स्वयंसेवक अगले कुछ सप्ताहों में समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मेल-मुलाकात करेंगे और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएंगे।
- इसी नीति की बदौलत भाजपा ने हरियाणा व महाराष्ट्र में ''एन्टी इन्कम्बैंसी'' लहर को उलट कर हरियाणा में 90 में से 48 और महाराष्ट्र में 288 में से 228 सीटें जीती थीं।

पार्टी नेताओं ने इन दोनों राज्यों में भाजपा की जीत का श्रेय आर.एस.एस. के प्रचार-अभियान को ही दिया था, जिसने पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में मदद की थी।

दिल्ली में, आर.एस.एस. के करीब 100 स्वयंसेवक अगले सप्ताहों में सोशल ग्रुपों तथा प्रोफेशनल्स के साथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अजमेर दरगाह में आज पेश होगी मुख्यमंत्री की चादर

जयपुर, 6 जनवरी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से अजमेर ख्वाजा साहब के उर्स के मुबारक मौके पर मंगलवार को चादर पेश की जाएगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती मजार शरीफ पर मुख्यमंत्री की ओर से दी गई चादर पेश करेंगे। हमीद खान मेवाती मंगलवार दोपहर 12 बजे जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय से रवाना होकर 3 बजे अजमेर पहुंचेगे। चादर पेश करने के बाद, वे बुलंद दरवाजे से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संदेश पढ़ेंगे।

- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती दिन में 12 बजे प्रदेश कार्यालय से चादर लेकर रवाना होंगे।

# रोहिणी ( दिल्ली ) की आमसभा में मोदी जी का ''टैलिप्रॉम्प्टर'' फेल हुआ

## ''टैलिप्रॉम्प्टर'' की सेवाएं अवरूद्ध होने के कारण मोदी जी के ''स्पीच लैस'' हो जाने, पर, सोशल मीडिया में एक बाढ़ सी आ गई, व्यंग और उपहासपूर्ण टिप्पणियों की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। रविवार को दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक रैली के दौरान ''टैलिप्रॉम्पटर'' की गड़बड़ी ने कथित रूप से प्रधानमंत्री को चुप करा दिया। जनवरी 2022 में वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम समिट के दौरान भी उन्हें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था।

रविवार की घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रधानमंत्री को लक्ष्य करते हुए उपहास और तानों की झड़ी लग गई।

एक सोशल मीडिया यूज़र ने फोटो पोस्ट की और लिखा, ''नेहरू जी ने टैलिप्रॉम्पटर की बिजली काट दी।'' ज्ञातव्य है कि भाजपा भारत की हर समस्या के लिए पंडित नेहरू को जिम्मेदार ठहराती रही है।

इतने सालों तक भाजपा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों का मज़ाक बनाने के लिए बड़ी सफलता से सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती आई है।

- ऐसी ही दुर्घटना जनवरी 2022 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम को ''वर्चुअली'' संबोधित करते हुए भी हुई थी।
- पर, उस दुर्घटना पर मीडिया का ज्यादा ''फोकस'' नहीं हुआ था। पर, इस बार एक आमसभा को संबोधित करते हुए यह हादसा हुआ, तो सरकार विरोधी सोशल मीडिया एक्टिविस्ट को मौका मिल गया। मोदी कार्यशैली, वाक्चातुर्य आदि पर तंज कसने का और इस मौके का भरपूर उपयोग हुआ।

सोशल मीडिया विश्लेषक राधिका सचान का कहना है कि इस मामले में पार्टी के सबसे बड़े नेता को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है।

एक अन्य सोशल मीडिया यूज़र ने पोस्ट किया, ''टैलिप्रॉम्पटर उनके झूठ के आगे फेल हो गया। वो भी जनता को झूठ नहीं बताना चाहता था।''

एक और यूज़र ने अपनी पोस्ट में कहा, ''बेचारे प्रधानमंत्री, टैलिप्रॉम्पटर ने बीच में ही काम करना बंद कर दिया। उसके बिना वो एक शब्द भी नहीं बोल सकते। लोग सोचते हैं, मोदी सबको कंट्रोल करते हैं, जबकि वो खुद टैलिप्रॉम्पटर ऑपरेटर और भाषण लिखने वाले के कंट्रोल में हैं।''

एक और प्रतिक्रिया आई, ''इलाज में फिर कमी? जब टैलिप्रॉम्पटर फेल होता है तो संघ परिवार के ''महानतम वक्ता'' भी फेल हो जाते हैं।''

एक व्यक्ति ने कहा, ''महानतम वक्ता टैलिप्रॉम्पटर के बिना लड़खड़ा जाते हैं और उसे ''कवर अप'' करने के लिए कैमरा दर्शकों की तरफ घूम जाता हे। क्या यह केवल बुढ़ापा है, या फिर स्क्रिप्ट भी गायब हो गई है?''

एक और यूज़र ने कहा, ''मोदी टैलिप्रॉम्पटर प्रोमैक्स। फेलियर परमानैंट (स्थाई) है, सफलता टैम्परेरी (क्षणिक) है। वे टैलिप्रॉम्पटर के बिना एक शब्द भी नहीं बोल सकते।''

दूसरे ने लिखा, ''आपको पता नहीं, बोलना क्या है? टैलिप्रॉम्पटर एरर!''

आप नेता अरविंद केजरीवाल को दोषी बताते हुए एक यूज़र ने कहा, ''टैलिप्रॉम्पटर फेल हो गया। लगता है केजरीवाल ने तार काट दिया।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उच्चाधिकार समिति व किसानों की वार्ता पर सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जताई

नयी दिल्ली, 06 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने एक महीने से अधिक समय से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के मामले में पंजाब सरकार की विफलता पर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई सोमवार से दस जनवरी तक के लिए टाल दी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति के सदस्यों ने डल्लेवाल एवं अन्य किसान नेताओं से वार्ता की है।

- कोर्ट ने 10 जनवरी को सुनवाई से पहले वार्ता के परिणाम बताने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और एन के सिंह की पीठ ने पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# द्रमुक सरकार को एक के बाद एक भावनात्मक मुद्दे थमा रहे हैं राज्यपाल आर.एन. रवि

## इन मुद्दों से द्रमुक सरकार असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने में कामयाब हो रही है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों को हद से ज्यादा परेशान कर चुके हैं, पर अगर तमिलनाडु की बात करें तो राज्यपाल आर.एन. रवि द्रमुक और राज्य सरकार को खुद इतना मसाला दे रहे हैं कि वह आसानी से उनका सामना कर रही है। वे द्रमुक को ऐसे -ऐसे भावनात्मक मुद्दे थमा रहे हैं कि उनका इस्तेमाल कर द्रमुक ना केवल असली मुद्दों से लोगों का ध्यान हटा रही है, बल्कि अपना केन्द्र सरकार विरोधी कथानक भी जनता के सामने पेश कर रही है। राजनैतिक पर्यवेक्षक हैरान हैं कि क्या वे ''सैल्फ गोल'' कर रहे हैं।

नवीनतम मामला सोमवार को हुआ, जब राज्यपाल ने राष्ट्रीय गीत और संविधान के कथित अनादर के मुद्दे पर सदन से वॉकआउट कर दिया। असल में राज्य विधानसभा में राष्ट्रीय गीत से पहले ''स्टेट एंथम'' (राज्य गीत) बजाया गया तो वे शीतकालीन सत्र को संबोधित करने की परम्परा निभाए बिना ही सदन से वॉक आउट कर गए और राष्ट्र गीत तथा संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया।

- सोमवार को राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य विधानसभा में ''स्टेट एंथम'' बजाने पर विरोध जताया और राष्ट्रगीत व संविधान के अपमान का आरोप लगा कर अभिभाषण दिए बिना ही सदन से वॉकआउट कर गए।
- द्रमुक सरकार ने राज्यपाल की इस हरकत को उनके तमिलनाडू विरोध की संज्ञा दी और तमिल संस्कृति का मुद्दा उठाया।
- पर, इस विवाद में अन्ना युनिवर्सिटी में हुआ ''दुष्कर्म'' कांड उपेक्षित रह गया। जब इस मुद्दे पर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष नारेबाजी कर रहा था तभी राज्यपाल ने राष्ट्र गीत का मुद्दा उठा कर दुष्कर्म कांड पर बहस की संभावनाएं खत्म कर दीं।
- अब राष्ट्र गीत बनाम राज्य गीत के सम्मान पर विवाद छिड़ गया है। द्रमुक कोई कसर नहीं छोड़ रही है, असली मुद्दों को दरकिनार कर रही है।

राज्य में यही परम्परा है कि विधानसभा में पहले राज्य गीत बजता है, फिर राष्ट्र गीत। ऐसा लगता है कि राज्यपाल बार-बार ऐसी ही हरकतें करने पर आमादा हैं। अभी वे राज्य गीत के कारण विधानसभा से वॉक आउट कर गए तो पहले मुख्यमंत्री के किसी बयान पर या सरकार द्वारा तैयार भाषण से कुछ भाग हटाने पर।

राज्यपाल की इस हरकत पर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनकी पार्टी ने राज्यपाल की तमिलनाडु -विरोधी भावनाओं को मुद्दा बनाया और कहा कि राज्यपाल यहां भाजपा व केन्द्र सरकार के पक्षकार बनकर खड़े हैं।

राज्यपाल के पारम्परिक संबोधन के बिना ही सदन से चले जाने के बाद, राजभवन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री स्टालिन और विधानसभा स्पीकर एम. अपावू ने बार-बार कहने के बाद भी बात नहीं सुनी। राज्यपाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारतीय संविधान का ऑन लाइन पाठ्यक्रम

नयी दिल्ली, 06 जनवरी। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने वर्ष 2024 में ही भारतीय संविधान पर ऑनलाइन हिंदी पाठ्यक्रम शुरू किया। मंत्रालय के अनुसार, 26 नवंबर 2024 को विधिक मामलों के विभाग ने संविधान दिवस और भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई। संविधान दिवस पर विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने देश की सर्वोच्च नैक रैंकिंग वाले राष्ट्रीय

- विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने नालसार युनिवर्सिटी ऑफ लॉ हैदराबाद के साथ मिलकर हिन्दी में यह पाठ्यक्रम शुरु किया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**चरित्र वृक्ष है और प्रतिष्ठा उसकी छाया। –अब्राहम लिंकन**

# ऐसा हो 2025 का भारत

2024 बीत गया है और हम ने 2025 में प्रवेश कर लिया है। वर्ष 2024 में भारत ने लोकसभा और कुछ विधानसभाओं के चुनाव देखे, जिनमें अनेक बार भाषा की मर्यादाएं तार-तार हुईं और राजनीति का स्तर निम्न से निम्नतर होता गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों की ओर से संविधान की रक्षा की बात की गई और दोनों ने इसकी भावना के विपरीत काम किया।

इस संदर्भ में 2025 के भारत की कल्पना हम करें, तो मेरे मन में जिस प्रकार की तस्वीर उभरती है, उसका उल्लेख इस लेख में किया गया है।

सबसे पहली कामना तो यही है कि सार्वजनिक जीवन में शुचिता और मर्यादा पुनर्स्थापित हो। अयोध्या में क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का भव्य मंदिर बन चुका है, अतः राजनीतिज्ञ मर्यादित व्यवहार करें। संसद में नियमित उच्च कोटि की बहस हो। विचारों की असहमति व्यक्त करने हेतु कड़े शब्दों का प्रयोग हो, किंतु उनमें ओछापन न हो। आम जन के मुद्दों जैसे–बेरोजगारी, महंगाई सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर ही सर्वाधिक चर्चा हो। जन और प्रतिनिधि के बीच में दूरी कम हो और उनका सारा काम केवल जन हित में ही हो। कानून ऐसे हों जो देशवासियों को अपनी असीमित क्षमता का प्रदर्शन करने का पूर्ण अवसर प्रदान करें। राजनीतिज्ञ, दूसरे दलों के नेताओं के प्रति सम्मान रखें और मर्यादा पूर्ण भाषा का प्रयोग करें। धर्म को राजनीति का हथियार न बनाएं, ऐसी कामना इस वर्ष के लिए की जा सकती है। ऐसा करने में योगदान किसी एक दल का नहीं, अपितु सभी राजनीतिक दलों का हो।

2025 में देश में असमानता कम हो। गत कुछ वर्षों में गरीब और अमीर की खाई बहुत बढ़ी है और संपत्ति का केंद्रीकरण कुछ लोगों के हाथ में हुआ है। यह वर्ष ऐसा हो, जिसमें वंचित वर्ग के लोगों को भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का और अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर प्राप्त हो। प्रतिभा किसी विशेष वर्ग की बपौती नहीं है एवं समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक स्तर में प्रतिभा भरपूर छिपी हुई है। इस वर्ष में उनकी प्रतिभा को निखरने का पूरा अवसर मिले। यह अपेक्षा है कि गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई के अवसरों में समानता हो। निर्धनतम परिवार का बच्चा भी अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी हो। जब शिक्षा का अवसर समान होगा, तब अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने का स्वतः ही अवसर प्राप्त हो जाएगा। इस वर्ष में सरकार, शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ले। इसके लिए धन के अभाव का बहाना न बनाया जाए। कम से कम, स्कूली शिक्षा तक तो ऐसा हो ही। शिक्षा संस्थान, व्यवसाय के साधन बन कर न रह जाएं अपितु बच्चों के भविष्य का निर्माण करने का माध्यम बनें। सरकार, संविधान में उल्लेखित कर्तव्य को निभाते हुए सभी बालक-बालिकाओं को एक समान उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करे।

कार्यपालिका से यह अपेक्षा है कि वह ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कानून का राज स्थापित करे। वे संविधान एवं आमजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए काम करें ताकि वे लोगों की दुआएं ले सकें। सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं होती है। कार्यपालिका में काम करने वाले सभी लोग, स्वयं को उस धन का ट्रस्टी समझते हुए, उसका अधिकाधिक लाभ सर्वाधिक वंचित वर्ग तक पहुंचाने का काम करें, यह आशा हम 2025 में कर सकते हैं। सरकारी कार्यालय में नागरिकों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। सारे नियम और प्रक्रियाएं बहुत सहज, सरल, स्पष्ट भाषा में उपलब्ध हों। कार्यपालिका का एक ही ध्येय हो "आमजन के साथ अच्छा व्यवहार तथा उसका तत्पर काम"।

देश में स्वार्थ का भाव समाप्त हो। सभी नागरिक एक दूसरे के साथ सहयोगी की तरह, कंधे से कंधा मिलाकर देश को आगे बढ़ाने के काम में जुट जाएं। नागरिकों को भी इस नव वर्ष में संकल्प लेना होगा कि वह बिना सोचे-समझे सोशल मीडिया पर ऐसा कोई संदेश आगे नहीं भेजेंगे जिससे समाज में परस्पर कटुता, हिंसा और नफरत का वातावरण उत्पन्न होता हो। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्ण रूप से हो, किंतु यह संयम सभी बरतें कि वे ऐसी कोई बात न कहें, न करें जिससे समाज में अलगाव और असहिष्णुता की स्थिति उत्पन्न हो।

सभी संवैधानिक संस्थाएं पूर्ण रूप से स्वतंत्र एवं निष्पक्षता के साथ अपना काम करें, ऐसा वातावरण हो। सरकार को संयम बरतना होगा कि वह विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं जैसे चुनाव आयोग, न्यायपालिका, सीबीआई, ई डी आदि का दुरूपयोग अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए न करे।

वर्ष 2025 में देशभक्ति की एक नई परिभाषा गढ़ी जाए जिसका सीधा, सरल अर्थ यह हो कि जो जिस काम में संलग्न है, उसे पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ संपन्न करे। यह बात लोकतंत्र के चारों स्तंभों पर लागू होती है।

**2025 में मीडिया, सकारात्मक खबरों को बिना किसी लाग लपेट के लोगों तक पहुंचाए। देश के विभिन्न भागों में अनेक व्यक्ति बहुत उत्कृष्ट श्रेणी का कार्य, जनहित में कर रहे हैं। ऐसे कार्यों को देश के अन्य लोगों तक फैलाने का काम मीडिया करे। वे केवल राजनीति पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के बजाय सामाजिक सद्भाव और सौहार्द्र को बढ़ाने वाले तथा देश को प्रगति के पद पर तेजी से बढ़ाने वाले कामों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करें।**

2025 में मीडिया, सकारात्मक खबरों को बिना किसी लाग लपेट के लोगों तक पहुंचाए। देश के विभिन्न भागों में अनेक व्यक्ति बहुत उत्कृष्ट श्रेणी का कार्य, जनहित में कर रहे हैं। ऐसे कार्यों को देश के अन्य लोगों तक फैलाने का काम मीडिया करे। वे केवल राजनीति पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के बजाय सामाजिक सद्भाव और सौहार्द्र को बढ़ाने वाले तथा देश को प्रगति के पद पर तेजी से बढ़ाने वाले कामों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करें।

2025 में नवाचार और सृजनशीलता को प्रोत्साहन मिले, वैज्ञानिक सोच विकसित हो और अंधविश्वास का उन्मूलन हो। अंधविश्वास के नाम पर महिलाओं का उत्पीड़न रुके और देश में बाल मजदूरी समाप्त हो। कहीं किसी ढाबे, ईंट भट्टे, किसी के घर में काम करते हुए या सड़क पर कचरा बिनते हुए बच्चे नहीं दिखाई दें।

भारत आर्थिक शक्ति बने और संपन्न हो, यह सभी की कामना है किंतु उस प्रगति का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, यह अधिक आवश्यक है। ऐसी अपेक्षा 2025 में की जा सकती है कि देश के सभी नागरिक देश की संपन्नता में हिस्सेदार बनें।

सभी व्यापारी, बिना कर चोरी के, अपना व्यवसाय करें। वह संपन्न बनें, किंतु विधि सम्मत तरीके से। यदि कोई कानून और प्रक्रिया किसी भी प्रकार के व्यवसाय करने में बाधा उत्पन्न करती है तो उन बाधाओं को भी दूर किया जाए ताकि मजबूरन किसी भी व्यवसाई को गैर कानूनी रास्ता न अपनाना पड़े।

न्यायपालिका से अपेक्षा है कि वह त्वरित गति से हर व्यक्ति को न्याय प्रदान करे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की आंखों पर से पट्टी हटा ली गई है, किंतु इसका अर्थ यह न हो जाए कि कानून, व्यक्ति की हैसियत देखकर निर्णय करे। सभी वर्ग और सभी व्यक्तियों के लिए कानून का समान रूप से प्रयोग हो, यह सुनिश्चित करना ही होगा। विलंबित न्याय, अन्याय के समान है। न्यायपालिका को यह बात अच्छी तरह समझनी होगी कि दशकों तक प्रकरण लंबित रहे तो न्याय न मिलने के बराबर है। यह सुनिश्चित करने के लिए जो भी प्रक्रियागत परिवर्तन आवश्यक हों, वे इस वर्ष हों, ऐसी आशा है। अंग्रेजों के जमाने के बहुत सारे कानून हैं जो देश के नागरिकों की स्वतंत्रता को बाधित करते हैं और उन्हें मूल अधिकार से वंचित करते हैं। उनके बारे में विचार कर उन्हें जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

2025 में हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां कोई भी बालिका या महिला निश्चिंत होकर, किसी भी समय किसी भी स्थान पर अकेली जा सके।

जनता को 2025 में देश में अधिक स्वच्छ और प्रदूषण रहित पर्यावरण मिले, मिलावट रहित खाद्य सामग्री मिले, यह कामना है। इसके लिए जहां नागरिकों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा, वहीं सरकारों को पहल करनी होगी। गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा न केवल उपलब्ध हो अपितु सबकी पहुंच में हो।

वर्ष 2025 में सरकार प्रमुख रूप से पूरा ध्यान शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर ही केंद्रित करे। अन्य क्षेत्रों के लिए केवल एक अच्छे नियामक की भूमिका निभाए ताकि निजी क्षेत्र भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ सके।

प्रधानमंत्रीजी 'न्यू इंडिया' की बात करते हैं। मैं 'नव भारत' की बात करूंगा। मेरी दृष्टि में 2025 का 'नव भारत' ऐसा होना चाहिए जहां सब भारतीय प्रसन्न हों, संतुष्ट हों, देशभक्त हों और सब अपनी क्षमता और प्रतिभा के अनुसार स्वयं का और देश का विकास करने में संलग्न हों, सरकार अपनी प्राथमिकता को पुनः परिभाषित करते हुए आम लोगों के लिए काम करे, भारत आर्थिक शक्ति बने तो प्रत्येक भारतीय भी आर्थिक रूप से संपन्न हो ताकि अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके, भारत न केवल चांद पर पहुंचे एवं अंतरिक्ष विज्ञान में अपना झंडा फहराए, अपितु प्रत्येक भारतीय बालक-बालिका को उच्च स्तरीय स्कूली शिक्षा मिले, भारत न केवल दवाई का निर्यात करने वाला प्रमुख देश बने, कोई भी भारतीय दवाओं के अभाव में न मरे, भारत न केवल विभिन्न खाद्यान्नों एवं फलों का निर्यातक बने, कोई भी भारतीय कुपोषित न रहे, भारत बाल मजदूरी, बाल विवाह, बलात्कार और महिला असुरक्षा की राजधानी के रूप में कुख्यात न हो अपितु स्वस्थ बच्चों और सुरक्षित महिलाओं के देश के रूप में जाना जाए, भारत आपसी कटुता, धर्मांधता एवं अंधविश्वास के लिए न जाना जाए अपितु परस्पर सौहार्द्र, प्रेम, भाईचारे और वैज्ञानिक सोच के लिए जाना जाय। जब ऐसा भारत होगा, तभी हम विश्व गुरु कहलाने के वास्तविक अधिकारी होंगे।

कई पाठकों को उपरोक्त बातें बड़ी काल्पनिक लग सकती हैं, किंतु मैं एक घोर आशावादी व्यक्ति हूं और मुझे भारतीयों की क्षमता और प्रतिभा में पूरा विश्वास है। 2025 का वर्ष, सबको अवसर देने का वर्ष बने, यही कामना है। यदि हम ऐसा कर सके तो यह सपना नहीं, सच्चाई होगी।

सभी पाठकों को नव वर्ष की अनेकानेक शुभकामनाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# "वन नेशन, वन एजुकेशन" सिलबस



**सुनील दत्त गोयल**

राज्य और केंद्र सरकारों की शिक्षा नीति "वन इंडिया, वन एजुकेशन" होनी चाहिए। जिस तरह केंद्रीय विद्यालयों में पूरे भारत में एक ही यूनिफॉर्म/ड्रेस कोड और सिलेबस है, छुट्टियों से लेकर पढ़ाई के समय तक एक समान हैं, उसी मॉडल को पूरे देश के प्राइवेट स्कूलों में भी लागू करना चाहिए। यह पहल न केवल शिक्षा प्रणाली में समानता लाएगी, बल्कि छात्रों के लिए बेहतर अवसरों का द्वार भी खोलेगी।

**शिक्षा के उद्देश्य और संसाधनों का बेहतर उपयोग :** सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिन स्कूलों को रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराई गई है, वे उन संसाधनों का उपयोग शिक्षा के उद्देश्यों के लिए कर रहे हैं। हमारा सभी शिक्षण संस्थानों से यह निवेदन है कि वे भूमि और भवन का गैर-शिक्षण कार्यों में उपयोग करने से बचें और उनका अधिकतम उपयोग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए ही करें। ऐसा करने से सरकार के साथ उनका बेहतर सामंजस्य बना रहेगा। उदाहरण के लिए, कई स्कूलों ने सरकार से मिली जमीन का उपयोग आधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं के निर्माण में किया है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित हुए हैं। हालांकि, ऐसा करने वाले शैक्षिणक संस्थानों की संख्या बहुत कम है। उम्मीद की जाती है कि अन्य शिक्षण संस्थान भी जमीन का उपयोग सरकार से किए गए वायदे के मुताबिक ही करें, जिससे छात्रों के जीवन में सुधार हो और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि कुछ जमीन वर्तमान में खाली है, तो उसे बेहतर योजनाओं के तहत उपयोग में लाने के सुझाव दिए जा सकते हैं। इन जमीनों पर वंचित बच्चों के लिए विशेष शैक्षिणक केंद्र या कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। यह न केवल शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करेगा, बल्कि समाज में समावेशी विकास को भी बढ़ावा देगा। स्कूल प्रबंधन और सरकार के बीच सहयोग से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि उपलब्ध संसाधन अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए उपयोग हों। यह न केवल शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करेगा, बल्कि स्कूलों की सकारात्मक छवि भी बनाएगा।

**निजी स्कूलों की भूमिका :** निजी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ निजी स्कूल डिजिटल क्लासरूम, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और विदेशी भाषाओं के अध्ययन के लिए विशेष कार्यक्रम चलाते हैं। ये पहल छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करती हैं। हालांकि, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी पारदर्शिता हो। स्कूल प्रबंधन को सरकार के साथ मिलकर एक पारदर्शी रूपरेखा तैयार करनी चाहिए, जिससे वे अपने शिक्षा से संबंधित उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। इससे छात्रों और अभिभावकों का विश्वास भी बढ़ेगा।

**फीस और पाठ्यपुस्तकों में समानता :** फीस और पाठ्य पुस्तकों की कीमतों में संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार और स्कूल प्रबंधन को एक पारदर्शी प्रणाली लागू करनी चाहिए। केंद्रीय विद्यालय की तरह, निजी स्कूलों में भी एक ही सिलेबस और पूरे भारत में एक समान शुल्क लागू किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंद छात्रों को किताबें और अन्य शैक्षिणक सामठी कम या बिना शुल्क के उपलब्ध कराने के लिए सरकार और निजी स्कूल मिलकर एक तंत्र विकसित कर सकते हैं। यह कदम शिक्षा के अधिकार को सशक्त करेगा।

**व्यापार एवं उद्योग जगत और विद्यार्थियों को लाभ :** "वन नेशन, वन एजुकेशन" नीति का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि विद्यार्थी पूरे देश में समान स्तर की शिक्षा प्राप्त करेंगे। इससे व्यापार और उद्योग जगत को भी फायदा होगा, क्योंकि नौकरी के लिए आवेदन करने वाले सभी छात्रों का शैक्षिणक स्तर समान होगा। रोजगार उपलब्ध करवाने वाले व्यापार एवं उद्योग जगत के मानव संसाधन विभाग को यह विश्वास होगा कि सभी राज्यों के छात्र "वन इंडिया, वन एजुकेशन" नीति के तहत समान शैक्षिक मानकों का पालन कर रहे हैं। इससे रोजगार के अवसरों में भी समानता सुनिश्चित होगी और छात्रों को एक समान स्तर पर आंका जाएगा।

**सुझाव :** सरकार को "वन नेशन, वन एजुकेशन सिलेबस" नीति को लागू करना चाहिए। सभी स्कूलों में एक समान सिलेबस और यूनिफॉर्म लागू होने से शिक्षा प्रणाली अधिक संगठित और समान हो जाएगी। केंद्रीय विद्यालयों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यह मॉडल पूरे देश में लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, स्कूल प्रबंधन और सरकार को साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि शिक्षा का स्तर ऊंचा उठ सके और अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। एक समर्पित कमेटी का गठन कर सभी स्कूलों की गतिविधियों की समीक्षा और संसाधनों के उपयोग की निगरानी की जा सकती है।

आज पूरे भारत देश में एक आम धारणा जनता में बन चुकी है कि निजी स्कूल केवल ड्रेस और किताब बेचने का कारोबार में ज्यादा ध्यान देते हैं। इस प्रकार की नकारात्मक छवि से बचने के लिए स्कूलों को भी अपने कार्यप्रणाली में परिवर्तन करने की जरूरत है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा में वृद्धि हो और विद्यार्थियों के परिजन भी उनको और सम्मान की दृष्टि से देखें। ऐसा करने से दोनों ओर से परस्पर सामंजस्य स्थापित होगा और एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान भी बढ़ेगा। हमारा अनुरोध है कि निजी स्कूल राष्ट्र निर्माण के लिए अपना योगदान दें। सरकार द्वारा रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए जाने के बाद यह उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे छात्रों को उच्चतम स्तर की शिक्षा प्रदान करें और उन्हें वास्तविक जीवन के लिए तैयार करें। इस दृष्टिकोण से, स्कूल प्रबंधन और सरकार के बीच सहयोग मजबूत होगा, शिक्षा का उद्देश्य प्रभावी ढंग से पूरा होगा, और समाज के सभी वर्गों के छात्रों को समान अवसर प्रदान किए जा सकेंगे। यह कदम एक उज्जवल और समावेशी भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

धन्यवाद,

**सुनील दत्त गोयल**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**जयपुर, राजस्थान।**

# सूफी संत ख्वाजा का 813वां उर्स : अंतिम शाही महफिल व गुस्ल की रस्म अदा

## छोटे कुल की रस्म आज, बंद होगा जन्नती दरवाजा, केवड़े व गुलाब जल से दरगाह को धोया

**अजमेर,** (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के मौके पर दरगाह में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में जायरीन ने दरगाह जियारत की, जिसके चलते दरगाह परिसर सहित परिधि क्षेत्र में जायरीन की भीड़ देखने को मिली। एक दिन पहले ही सोमवार को जायरीन ने गुलाब जल व केवड़े से दरगाह को धोया। मंगलवार को कुल की रस्म होगी, इसके साथ ही छह दिन से आम जायरीन के लिए खोला गया जन्नती दरवाजा बंद कर दिया जाएगा। दरगाह की खिदमत का समय भी बदल जाएगा।

उर्स में शरीक होने आए जायरीन ने सोमवार देर शाम से ही केवड़े और गुलाब जल से दरगाह को धोना शुरू कर दिया है, जबकि दरगाह में छठी पर मंगलवार को कुल की रस्म होगी। दरगाह की दीवारों पर केवड़े और गुलाब जल का छिड़काव करने के बाद जायरीन दीवारों से टपकते पानी को बोतलों में भरकर साथ ले गए। उर्स के मौके पर जायरीन कई साधनों से अजमेर आते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ट्रेन से सफर कर आने वाले होते हैं। ऐसे में उन जायरीन को वापस भी लौटना होता है जो छठी को छोटे कुल की रस्म तक नहीं रुक पाते हैं। वह एक दिन पहले ही दरगाह को केवड़ी और गुलाब जल से धोना शुरू कर देते हैं।


महफिलखाना में दरगाह दीवान सैयद जैनुल आबेदीन की सदारत उर्स की छठी शाही महफिल और ख्वाजा साहब की मजार को छठा गुस्ल अदा किया गया। मंगलवार दोपहर को कुल की रस्म के साथ छह दिनों से खुला जन्नती दरवाजा बंद कर दिया जाएगा और उर्स का झंडा चढ़ने के साथ खिदमत का समय भी बदल जाएगा। उर्स के दौरान 10 जनवरी को जुमे की नमाज होगी। दरगाह की शाहजहांनी, अकबरी, संदली मस्जिद सहित आसपास के इलाकों में जायरीन नमाज अदा करेंगे।

# मेवाड़ में स्ट्रॉबेरी की हो रही खेती, दूर-दूर से देखने आ रहे हैं लोग

## बैंकिंग क्षेत्र के नारायण सिंह और आरएनटी में प्रोफेसर मेडिसिन डॉ. महेश दवे ने मिलकर स्ट्रॉबेरी की खेती का सपना साकार किया

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के घोड़च ग्राम पंचायत के गांव कुंडा में डॉ. महेश दवे और नारायण सिंह ने एक ऐसा काम कर दिखाया है जो कभी असंभव माना जाता था। इन्होंने मेवाड़ की धरा पर स्ट्रॉबेरी की खेती करके न केवल अपना सपना पूरा किया है, बल्कि मेवाड़ के किसानों के लिए एक प्रेरणा भी बन गए हैं।

बैंकिंग क्षेत्र में काम करने वाले नारायण सिंह ने खेती के नए आयाम तलाशने का निर्णय लिया। उन्होंने स्ट्रॉबेरी की खेती का विचार किया और इसके लिए रिसर्च शुरू की। उन्हें पता चला कि स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए 15-20 डिग्री सेल्सियस तापमान और खास वातावरण चाहिए। उन्होंने महाबलेश्वर, हिमाचल और अन्य जगहों का दौरा किया और समझा कि यह एक संवेदनशील फसल है, लेकिन मेहनत से इसे सफल बनाया जा सकता है। अपने शोध के दौरान, नारायण सिंह की मुलाकात आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में प्रोफेसर मेडिसिन डॉ. महेश दवे से हुई। डॉ. दवे की भी खेती में गहरी रुचि थी। जिले के कुंडा गांव में उनके पास खाली जमीन और फार्महाउस था।



कुंडा ग्राम में स्ट्रॉबेरी के खेत में कृषक और अन्य लोग।

उन्होंने साथ मिलकर वहां 65 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू करने का निर्णय लिया। नारायण सिंह ने डॉ. महेश दवे के सहयोग से स्ट्रॉबेरी की बुवाई अक्टूबर में की। इसके लिए ऑर्गेनिक खाद, नीम की खली, और छाया के लिए मल्च का उपयोग किया गया। मधुमक्खियों की मदद से पौधों का परागण (पोलिनेशन) कराया गया, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि हुई। दो महीने बाद दिसंबर में ही खेतों में भरपूर स्ट्रॉबेरी तैयार हो गई। अब फसल की इतनी मांग है कि ऑर्डर पूरे करना मुश्किल हो रहा है। बड़े सुपर मार्केट, वरिष्ठ अधिकारी और उद्योगपति इनकी स्ट्रॉबेरी खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। मंडी में भी एक दिन छोड़कर एक दिन उत्पादन भेज रहे हैं।

अब तक इस परियोजना में 8 लाख की लागत आई है और 2 लाख रुपए की कमाई हो चुकी है। फसल पूरी होने तक अनुमान है कि कुल 16 लाख रुपए की कमाई होगी, जिससे एक ही फसल में 8 लाख रुपए का शुद्ध लाभ होगा। डॉ. महेश दवे और नारायण सिंह न केवल खुद सफल हो रहे हैं, बल्कि अन्य किसानों को भी नई फसलें उगाने और अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा साबित करती है कि अगर ठान लिया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं।

नारायण सिंह मूलतः मावली के आसलियों की मादड़ी के निवासी है जो यहां से 45 किमी दूर है। जुनून ऐसा है कि वे लगभग हर रोज इतना सफर तय कर यहां खेत पर पहुंचते है। वे कहते हैं कि अब यही उनकी नई दुनिया है। स्ट्रॉबेरी की खेती कोई आसान काम नहीं है, बल्कि यह निरंतर ध्यान और मेहनत की मांग करती है। इसका छोटे बच्चे की भांति ध्यान रखना पड़ता है। नारायण सिंह और डॉ. महेश दवे बताते हैं कि इस फसल के रखरखाव के लिए चार व्यक्तियों की एक टीम हर समय तैनात रहती है। सुबह 4 बजे से ही सिंचाई और पौधों की देखभाल शुरू हो जाती है। स्ट्रॉबेरी की संवेदनशील

**■ 65 हजार वर्ग फीट में हुई फसल, दो माह में ही उग आई स्ट्रॉबेरी, एक फसल से आठ लाख के लाभ का अनुमान**

प्रकृति के कारण पौधों की नमी, पोषण और तापमान पर निरंतर ध्यान देना पड़ता है। इसके अलावा, फसल की गुणवत्तापूर्ण पैदावार सुनिश्चित करने के लिए जैविक खाद, छाया जाल, और मधुमक्खियों द्वारा पोलिनेशन जैसे विशेष उपाय किए जाते हैं। कुल चार व्यक्तियों की टीम रोज यहां काम करती है।

स्ट्रॉबेरी की उच्च कीमत और संवेदनशीलता इसे विशेष ध्यान देने योग्य बनाती है। शाम को खरीदारों की आमद के बाद भी, रात भर फसल की रखवाली करनी पड़ती है। यह काम जानवरों और पक्षियों से फसल की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। किसानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ती है ताकि फसल को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। नारायण सिंह और डॉ. महेश दवे की यह मेहनत और समर्पण इस बात का प्रतीक है कि नई और चुनौतीपूर्ण फसलें उगाने के लिए प्रतिबद्धता और टीमवर्क कितने आवश्यक हैं। भारत में "चैंडलर", "कैमारोसा", और "साबरगम" जैसी किस्में अधिक लोकप्रिय हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 7 जनवरी, 2025**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, रेवती नक्षत्र सायं 5:50 तक, शिव योग रात्रि 11:15 तक, बव करण सायं 4:27 तक, चन्द्रमा सायं 5:50 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग सायं 5:50 से सूर्योदय तक है। रवियोग सायं 5:50 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी है। पंचक सायं 5:50 तक रहेंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:57 से 11:15 तक, लाभ-अमृत 11:15 से 1:51 तक, शुभ 3:04 से 4:27 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:45

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बढ़ सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को तनाव से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

## यातायात पुलिस ने गुलाब के फूल देकर समझाए

**भीलवाड़ा।** सड़क सुरक्षा माह को लेकर आज चित्तोड रोड स्थित यातायात पुलिस थाने के बाहर उपाधीक्षक ट्रेफिक सुरेश डाबरिया व प्रभारी सुरजभान सिंह ने दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों को गुलाब देकर यातायात के नियमों की जानकारी दी और सीट बेल्ट व हेलमेट का महत्व समझाया । डाबरिया ने दुपहिया वाहन चालकों को बताया की जिस तरह हम बरसात में सिर के बचाव के लिए छाते का उपयोग करते हैं और सर्द ऋतु में सिर को बचाने के लिए ऊनी वस्त्र (केप) का उपयोग करते हैं। उसी तरह से दुर्घटना के दौरान सिर के बचाव के लिए वाहन चलाते समय अपने जीवन में हेलमेट का महत्व समझें। वहीं प्रभारी सिंह ने वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता के लिए समझाया की हर बार एक हजार रुपए का चालान कटवाने से अच्छा है।

# 11 को श्री राम महाआरती के साथ सैंकड़ों शहरवासी जलाएंगे एक दीपक राम का

- द्रभीलवाड़ा शहर में 10 जनवरी को पहली बार निकलेगी खेल की रेल

**भीलवाड़ा।** अपना संस्थान एवं नगर निगम भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 14 जनवरी तक चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले हरित संगम 2025 स्वच्छता व पर्यावरण मेले को लेकर आज प्रात: 9.30 बजे मेला प्रांगण में विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया जाएगा। वहीं मेले के शुभारंभ अवसर पर 10 जनवरी को शहर में पहली बार खेल की रेल निकाली जाएगी। वहीं 11 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के तिथि अनुसार स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एक शाम राम के नाम, श्री राम महाआरती और एक दिया राम का जैसे कार्यक्रमों से माहौल भक्तिमय बनेगा।

अपना संस्थान के अंकुर बोरदिया ने बताया कि गांधी नगर स्थित मेला कार्यालय पर आयोजित क्रीड़ा भारती की बैठक में रोशन देवपुरा, राजेंद्र काबरा ने जानकारी दी कि हरित संगम मेले से पूर्व आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उप विजेताओं, टीम सदस्यों सहित शहर के एक हजार से ज्यादा अलग अलग खेलों से जुड़े खिलाड़ी 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे रैली के रूप में खेल की रेल बनाएंगे। शहर में पहली बार होने वाले इस प्रकार के आयोजन में खिलाड़ी खेल यूनिफॉर्म में अपने अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए चलेंगे।

साथ ही रैली में झांकियां और बैंड वादन भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह रेल राजेंद्र मार्ग से प्रारंभ होकर मुरली विलास रोड, अम्बेडकर सर्किल, गोल प्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र, सुभाष नगर होते हुए चित्रकूट धाम पहुंचकर संपन्न होगी। जहां पारितोषिक वितरण समारोह भी आयोजित होगा।

अपना संस्थान के प्रांत सचिव विनोद मेलाना ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के तिथि अनुसार स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 11 जनवरी को सायं 7 बजे से एक शाम राम के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा।

इसी समय श्री राम महाआरती के साथ सैंकड़ों शहरवासी मेला प्रांगण में एक दिया राम का प्रज्ज्वलित कर माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। बैठक में हरित संगम संयोजक राधेश्याम सोमानी, अपना संस्थान अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़, सचिव साधना मेलाना, मुकेश सामरिया, मुकेश चेचानी, अरुण मुछाल, मुकेश कुमावत, रघुवीर कुमावत, भवानी शंकर विश्नोई, सूरज विश्नोई, दिनेश राठी, कुंजबिहारी चांडक, कैलाश डाड, रजनीकांत आचार्य, जितेंद्र सोलंकी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'विमानन क्षेत्र का विकास होगा'

**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं।

शर्मा ने कहा कि इस फ्लाइंग स्कूल के खुलने से युवाओं को प्रदेश में ही फ्लाइंग प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भी फ्लाइंग स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इस संबंध में निवेशक यहां निवेश के लिए रूचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में घरेलू विमानन बाजार निरंतर विकसित हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा विमानन क्षेत्र के लिए शुरू की गई उड़ान योजना से घरेलू यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।


**NAME CHANGE**

I, Smt. Suman Devi is spouse of No JC-776809N, SUB MANU JEE YADWA. 914 Lt AD REGT(SP) WKSP C/O 56 APO.NSD CAN'T. Vill-Pranpur, Teh & Distt-Ballia, (UP) 277001. have changed my D.O.B 06-12-1979 to 05-02-1986 in my husband army service records. aff-BW 941496. date-03 January 2025. Notary Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Army No 18010700W Rank : NK, Name: KRISHAN KUMAR SINGH Residing at Vill:-NALAI Post:- PARSUNDAKHAL, Teh:- PAURI GARHWAL, Dist:- PAURI GARHWAL, State:- UTTRAKHAND Pin:- 246166 have change my Daughter Name from RUDRAKHSHI to RUDRAKSHI Vide affidavit No. BW 940858 Dated 04/01/2025 before Court campus Nasirabad

**कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी–राजस्थान**

Email ID – npkekri2011@gmail.com (O): 01467-220002, 220019 website: www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक– न.प.के./2024–25/3517 दि. 31.12.2024

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि परिषद क्षेत्र में निम्न आवेदको द्वारा नगर परिषद केकड़ी में खांचा भूमि क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 15 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक/पिता का नाम | आवेदित स्थल | नाप वर्गगज में | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पवन सिंह पुत्र श्री महावीर सिंह | मीर बावडी के पास खिडकी गेट केकडी | 38.88 | आम रास्ता | नाला | आम रास्ता | प्लॉट चॉद खा का |

आयुक्त नगर परिषद केकड़ी

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक– न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2024/763 दिनांक: 30/12/2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 960/1 पर स्थित आवासीय ( भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 211.66 वर्गगज ) पर श्री हनुमान छणंग पुत्र श्री भागीरथ छणंग ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तांतरण चाहा गया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है –

पूर्व में – भूखण्ड संख्या 31 निर्मित पश्चिम में – रास्ता 60 फीट का विला संख्या 15

उत्तर में – 17 फीट चौडी गली दक्षिण में– भूखण्ड संख्या 33 निर्मित विला संख्या 07

अत: उक्त नाम हस्तांतरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़


## शिविर में लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

**भीलवाड़ा।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने शिक्षा पर केंद्रित शिक्षा संबल परियोजना के शीतकालीन शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसमें वंचित ठाामीण इलाकों के लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शीतकालीन शिविरों में प्रदेश के 6 जिलों के 47 राजकीय विद्यालयों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् शीतकालीन शिविर, शिक्षा–केंद्रित सामाजिक प्रभाव पहल, 2008 से राजस्थान में संचालित हो रहा है, जिससे ठाामीण क्षेत्र के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सालाना लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा संबल का उद्देश्य उन शिक्षार्थियों को सहायता प्रदान करना है, जो वित्तीय, सामाजिक और सुविधा संबंधी बाधाओं के कारण पढ़ाई और संतोषजनक करियर को आगे बढ़ाने का विकल्प नहीं चुन सकते हैं। यह पहल कक्षा 10वीं के छात्रों को शैक्षिणक सहायता प्रदान करती है जो त्यौहारी अवकाश के दौरान अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के अंतिम चरण में हैं और संरचित सत्रों, विशेष कार्यपुस्तिका अभ्यास और विज्ञान के छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रयोगशाला कार्य के साथ–साथ गणित और अंठोजी के लिए उन्नत पुस्तकालय कार्य के माध्यम से पढ़ने, लिखने, गणित और विज्ञान जैसे मूलभूत विषयों में सहायता प्रदान करती है। इन मूल विषयों पर ध्यान केंद्रित कर, शिविर का उद्देश्य छात्रों की समझ को मजबूत करना और उनके शैक्षिणक प्रदर्शन को बढ़ावा देना था। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम ने सीखने के परिणामों को अधिकतम करने के लिए लगातार उपस्थिति पर बल दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक छात्र प्रदान की गई व्यापक शैक्षिक सहायता से लाभान्वित हो सके। विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से संचालित शिक्षा संबल शीतकालीन शिविर राजस्थान के उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर और भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया।

## ओटो मोबाईल सेक्टर में केरियर बनाने का सुनहरा अवसर

- प्रशिक्षण के लिए 18 वर्ष से अधिक एवं 27 वर्ष से कम उम्र के पुरूष व महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान महिला कल्याण मण्डल और बॉश कम्पनी के द्वारा संयुक्त रूप से युवाओं को ओटो मोबाईल सेक्टर में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की पहल की जा रही है।

संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि वर्तमान में युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है उचित मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव में वे दिशाहीन होकर भटकने को मजबूर हो जाते है। इस समस्या के समाधान हेतु संस्था द्वारा बॉश कम्पनी के साथ मिलकर 18 से 27 वर्ष के उन युवाओं के लिए ओटोमोबाईल सेक्टर में 3 माह का प्रशिक्षण आयोजित करने जा रही है जो 10वीं 12वीं के बाद रोजगार या केरियर की तलाश में है।

कौशिक ने बताया कि यह 10 जनवरी के पश्चात प्रशिक्षण संस्था के पंचशील स्थित अद्वैत केन्द्र पर रोजाना 4 से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए संस्था के मो.न. 9351233501 पर सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। इस प्रशिक्षण के लिए 18 वर्ष से अधिक एवं 27 वर्श से कम उम्र के पुरूष व महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा शैक्षणिक रिकॉर्डानुसार नाम भानु भूपेन्द्र सिंह शक्तावा (BHANU BHUPENDRA SINGH SHAKTAWA) पुत्र शक्ति राज सिंह शक्तावत है, जिसे मैंने बदलकर अब अपना नाम भानु भूपेन्द्र सिंह (BHANU BHUPENDRA SINGH) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जावे। भानु भूपेन्द्र सिंह पुत्र शक्ति राज सिंह शक्तावत निवासी 1/29, जोशी कॉलोनी, अजमेर रोड, केकड़ी, ज़िला अजमेर, राजस्थान [ 305404 ]

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दौलतराम पुत्र श्री जंवरी लाल जाति तेली निवासी कोटडा पुष्कर रोड अजमेर के द्वारा मुख्तयारनामा श्री राजेश सोनी पुत्र श्री त्रिलोकचन्द सोनी जाति जैन निवासी पी–5 पार्श्वनाथ कोलोनी आतेड़ रोड अजमेर निदेशक जीनसर बिल्डकॉम प्रा. लि. सी–47 देव नगर टोंक रोड जयपुर के पक्ष मे दिनांक 17/12/2013 को निष्पादित किया गया था जो कि एक भूखण्ड क्षेत्रफल 2166.31 वर्ग गज जो वाकै ग्राम कोटडा तव व जिला अजमेर मे स्थित है जो ख.नं. 1046 का एक भाग है के संबंध में था जो नोटेरी पब्लिक श्री वी जे सिंह के रजिस्टर क्रमांक 186/13 पर दिनांक 17/12/2013 को पंजीबद्ध तस्दीक किया गया है उसे मेरा पक्षकार निरस्त करता है तथा उसी दिनांक 17/12/2013 को इकरारनामा एव वसीयतनामा भी नोटेरी पब्लिक के रजिस्टर में पंजीबद्ध किया गया था उसे भी मेरा पक्षकार निरस्त करता है। कोई भी व्यक्ति उक्त मुख्तयारामा, इकरानामा, वसीयतनामा के आधार पर भूखण्ड का क्रय विक्रय इत्यादि करता है तो समस्त जिम्मेदारी उसी की होगी एव हर्जे खर्चे के लिये वही जिम्मेदार होगा।

अजमेर भवदीय– दिनांक 05/01/2025

प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट मो.नं. 9828124496

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**प्रायोगिक परीक्षा 2025 बाबत् परीक्षार्थियों, विद्यालयों एवं परीक्षकों को आवश्यक निर्देश**

1. उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 के नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाऐं 09 जनवरी 2025 से 08 फरवरी, 2025 तक तथा **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों** की प्रायोगिक परीक्षाऐं 01 फरवरी से 08 फरवरी, 2025 के मध्य सम्पादित होगी।
2. प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित विद्यालयों की सामग्री यथा उत्तर–पुस्तिकाएँ, ग्राफ पेपर, ड्रॉईंग शीट्स आदि बोर्ड द्वारा बनाये वितरण केन्द्रों पर भिजवाई जा रही है। शाला प्रधान इन केन्द्रों से प्रायोगिक परीक्षा सामग्री प्राप्त करावें।
3. विद्यालयों में विषयवार नियुक्त बाह्य परीक्षकों की सूची, नामावली (रोल नं.) तथा प्रायोगिक परीक्षा के अनुदेश आदि बोर्ड वेबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे, जिसे शाला प्रधान अपनी ID पासवर्ड से प्रिन्ट कर ले। इसके अतिरिक्त परीक्षा सम्बन्धित आवश्यक सूचनायें भी समय-समय पर बोर्ड वेबसाईट https:rajeduboard.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जायेगी। अतः सभी शाला प्रधान विशेष कर परीक्षा अवधि के दौरान नियमित रूप से बोर्ड वेबसाईट का अवलोकन करावें।
4. बोर्ड द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों को नियुक्ति की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल पर SMS से भिजवाई जायेगी। परीक्षकों को लॉगिन करने पर उन्हें आवंटित विद्यालयों की सूची व नियुक्ति पत्र की सूची प्राप्त होगी।
5. समस्त बाह्य परीक्षकों को प्रतिदिन संबंधित विद्यालय में ली जा रही प्रायोगिक परीक्षा की फोटोग्राफ लेकर बोर्ड की ई–मेल आईडी bserpracticalgpsimages@gmail.com पर अनिवार्यतः प्रेषित करनी होगी।
6. प्रायोगिक परीक्षा के दौरान विद्यालय में नियत तिथि को अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थी की परीक्षा उसी परीक्षक द्वारा उसी विद्यालय में लिए जा रहे अन्य बैच में शाला प्रधान की विशेष अनुमति से कराई जा सकेगी। किसी भी स्थिति में अन्य परीक्षक अथवा अन्य विद्यालय में परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी, तथा परीक्षार्थी को अनुपस्थित मानकर परिणाम जारी कर दिया जाएगा। जिसके लिये शाला प्रधान एवं परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगें।
7. **स्वंपाठी परीक्षार्थियों** की प्रायोगिक परीक्षाओं की सूचना एवं प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर प्रायोगिक परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व अपलोड किये जायेंगे। **स्वयंपाठी परीक्षार्थी** अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में प्रविष्ठ होवें।
8. प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षा प्रारम्भ से परीक्षा सामाप्ति तक बोर्ड की गोपनीय शाखा में स्थापित नियंत्रण कक्ष दूरभाष सं. 0145–2620739, 2623776, व तकनीकी समस्या (आई.टी. संबंधित) के समाधान हेतु 0145–2632865, 2627454 ई–मेल bserconf2018@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) पर भी नियंत्रण कक्ष उक्त अवधि में कार्यरत रहेगा।
9. शाला प्रधान एवं नियुक्त बाह्य परीक्षकों हेतु प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी/दिशा निर्देश बोर्ड की वेबसाईट **https:rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध करायें जा रहे है।

सचिव


## श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव श्रद्धा से मनाया

**बिजयनगर, (निसं)।** ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा बिजयनगर द्वारा धन–धन श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव सोमवार को श्रद्धा से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में सुबह दीवान में श्री सहज पाठ साहिब की समाप्ति व कीर्तन दरबार और कथा भाई अमरजीत सिंह बूंदी वालो ने बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे। श्री गुरू तेग बहादुर के बलिदान के उपरान्त 11 नवम्बर सन् 1675 को 10 वें गुरू बने। आप एक महान योद्धा, चिन्तक, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक थे। बीबी हरप्रीत कौर, बीबी मुस्कान कौर ने संगत को कीर्तन से संगत को निहाल किया।इस अवसर पर गुरु महाराज का अटूट लंगर संगत में वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक व पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा, पत्रकार तरनदीप सिंह टुटेजा, जोगिंदर सिंह, नंदलाल तीर्थवानी, हेमंत पेशवानी, दुर्गा केलानी, एडवोकेट गुरप्रीत आदी सहित सदस्य मौजूद रहे।

# भील वर्ग आरक्षण मंच आसीन्द की तहसील स्तरीय संयुक्त बैठक सम्पन्न

**आसीन्द, (निसं)।** राजस्थान समठा भील वर्ग आरक्षण मंच तहसील शाखा आसीन्द एवं राजस्थान भील समाज विकास समिति तहसील शाखा आसीन्द की तहसील स्तरीय संयुक्त बैठक महर्षि वाल्मीकि शबरी गायत्री आश्रम आमली खेड़ा की झोपड़ियां, वार्ड नंबर 1 आसींद में रविवार को आश्रम महन्त गणेश महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र भील जिलाध्यक्ष आरक्षण मंच भीलवाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिला प्रवक्ता रायमल भील वार्डपंच शिवपुर, करेड़ा एवं अध्यक्षता ललित नारायण भील तहसील अध्यक्ष राजस्थान समठा भील वर्ग आरक्षण मंच आसींद के आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में आरक्षण के मुद्दे पर एवं शिक्षा के प्रचार–प्रसार, छात्रावास हेतु भूमि आवंटन करवाने सहित कई मुद्दों पर युवा कार्यकर्ताओं ने अपने –अपने विचार व्यक्त किए गए। बैठक में हर माह 100 रूपए अंशदान करने के लिए शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन करने हेतू ।

निर्णय कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से राजस्थान समठा भील वर्ग आरक्षण मंच तहसील शाखा आसीन्द का गठन किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष ललित नारायण भील, आसींद नगर अध्यक्ष रमेश लाल भील,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू कुमार भील, उपाध्यक्ष गोपाल लाल भील,महासचिव श्रवण लाल भील, सचिव सम्पत लाल भील, महामंत्री रमेश लाल भील, मंत्री रतन लाल भील, संयोजक प्रभु लाल भील,उप संयोजक मदनलाल भील, संगठन मंत्री लक्ष्मण लाल भील,सह संगठन मंत्री मदनलाल भील, प्रचार मंत्री राजूराम भील, संयुक्त मंत्री सुरेन्द्र कुमार भील, मिडिया प्रभारी राजूराम भील, संचालक सम्पत लाल भील, सांस्कृतिक मंत्री प्रहलाद भील, सलाहकार धर्मीचंद भील,उप सलाहकार रतन लाल भील, उप संचालक हरदेव लाल भील एवं सक्रिय सदस्य अजमल भील सहित 21 सदस्यों की कार्यकारिणी मनोनीत किए गए। इस अवसर पर राजस्थान भील समाज विकास समिति के तहसील अध्यक्ष नारायण लाल भील आसीन्द, संरक्षक लक्ष्मण लाल भील, बदनौर तहसील अध्यक्ष गोपाल लाल भील, शिक्षा प्रकोष्ठ रूपलाल भील, जगदीश चन्द्र भील, मंगनाराम भील पूर्व सरपंच रामपुरा, पार्षद प्रतिनिधि जयराम भील आसींद,मोहनलाल भील गेनपुरा, युवा कार्यकर्ता कैलाश चंद्र भील, गोपालपुरा, कैलाश चंद्र भील बोरेला, भैरूलाल भील आसींद, राजूलाल भील रायरा सहित आसींद– बदनौर तहसील क्षेत्र के युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन राजस्थान भील समाज विकास समिति जिला शाखा – भीलवाड़ा के जिला महासचिव ईश्वर लाल भील आसीन्द ने किया। बैठक के अंत में महर्षि वाल्मीकि शबरी गायत्री आश्रम आमली खेड़ा के महन्त गणेश महाराज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## चौधरी को मेडल

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान के अजमेर जिले के मूल निवासी त्रिपुरा में पदस्थापित सीमा सुरक्षा बल के उप कमांडेंट रोहित चौधरी को चौथी बार डायरेक्टर जनरल प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया है। रोहित चौधरी को यह सम्मान पूरे राजस्थान में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा व लोकसभा चुनाव कराने के लिए प्रदान किया गया है।

## सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**बिदियाद**(निस)। माली,सैनी समाज के द्वारा आगामी फुलेरिया दूज को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर उपखंड क्षेत्र के ठााम बडू मे छ:गांव परबतसर,मकराना,बिदियाद,बोरावड,ब.डू, कालवा माली सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति कि बैठक अध्यक्ष सत्यनारायण सिंगोंदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज को एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा सामूहिक विवाह करवाने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़ों का पंजीयन करने के लिए आवेदन आये। समिति ने दस्तावेज की जांच पड़ताल करने पर वर कि आयु इक्कीस और वधु कि आयु अठारह होगी उन्हीं का पंजीयन किया जाएगा। साथ ही टेन्ट,लाईट डेकोरेशन,हलवाई,ज्वैलर्स,विडियोठााप ी,फूल माला,सांऊड सिस्टम,पण्डित एंव फर्नीचर आदि कि व्यवस्था के लिए विचार–विमर्श कर आगामी बैठक मे कोटेशन मंगवाए गये है।आयोजित समिति कि बैठक मे मकराना माली समाज अध्यक्ष श्रवणलाल सोलंकी,बिदियाद अध्यक्ष कैलाशचंद तंवर,कालवा अध्यक्ष सुखदेव बागडी बडू अध्यक्ष नारायणराम गहलोत, बोरावड उपाध्यक्ष प्रकाश सोनगरा,महिला संरक्षक गीता सोलंकी,उपाध्यक्ष गणपतलाल सोलंकी, महासचिव मनोज सैनी, राधाकिशन टाक महावीर टेन्ट हाउस,वीरसिंह सोलंकी,समिति के प्रवक्ता नौरतमल सिंगोंदिया समाज सेवी रमेश इंदौरा मकराना,सुगनचंद गहलोत,रामस्वरूप सोलंकी सहित कई गांवों से आए सैंकडो समाज के लोग उपस्थित रहे।

## लायंस फेलोशिप टूर 10 को वियतनाम जाएगा

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब अजमेर के सदस्यों का दल फेलोशिप टूर पर 10 जनवरी से 8 दिन के लिए वियतनाम जाएगा। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायन सदस्यों में आपसी सहयोग एवं भ्रातत्व भावना के उद्धेश्य को लेकर प्रतिवर्ष फेलोशिप टूर का आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में 64 लायन सदस्यों का ग्रुप 8 दिन के लिए वियतनाम जाएगा।

# रक्तदान से ही जीवन दान होता है : महंत मोहनशरण शास्त्री

**भीलवाड़ा।** मानवता की सेवा में रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है, यह दान, प्राणदान के समान है, प्रभु कृपा से रक्तदान 18 वर्ष से अधिक पूर्ण स्वस्थ लोग ही दे पाते है, सबको रक्तदान करने की यह कृपा नही मिलती है , जबकि आज एक दिन से बालक से लेकर 100 वर्ष की आयु के लोगो को रक्त की जरूरत है, आज लाखों लोग असाध्य बीमारियों से पीड़ित है,अचानक अकल्पनीय दुर्घटनाएं हो रही उस समय तत्काल रक्त की जरूरत होती है, रक्त की कमी से पहले सेकड़ो लोगो की हर वर्ष मृत्यु हो जाती थी, आज रक्तदाताओं की वजह से नही होती है, इसलिए सभी युवाओं को हर तीन महीने बाद रक्तदान करना ही चाहिए निम्बार्क आश्रम के महंत मोहनशरण शास्त्री ने महेश छात्रावास में स्वर्गीय मुकेश सोमानी की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में व्यक्त किये! महेश छात्रावास में आयोजित शिविर में हाथीभाटा आश्रम के पूज्य महंत संतदास जी महाराज, हनुमान टेकड़ी के पूज्य महंत बनवारी शरण जी काठिया बाबा, पंचमुखी हनुमान मंदिर रीको के पुजारी मुरारी पांडे, विधायक अशोक कोठारी, उप महापौर राम लाल योगी, भारतीय मजदुर संघ के धौलपुर जिलाध्यक्ष शिव नुवाल, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री रोशन मेघवंशी, माहेश्वरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, पूर्व सभापति ओमप्रकाश नराणीवाल, पूर्व बार एशोसियेसन के अध्यक्ष राजेंद्र कचोलिया, गणेश उत्सव के जिलाध्यक्ष उदय लाल समदानी, श्री राम कथा समिति के अध्यक्ष गजानंद बजाज, विश्व हिन्दू परिषद् के विभागध्यक्ष मिट्ठू लाल स्वर्णकार, सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मूंदड़ा, भगवा सेना की जिलाध्यक्ष पूनम चारण, दुर्गा शक्ति अखाड़ा की कविता छीपा, माहेश्वरी युवा संगठन नगर अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा, दुर्गा वाहिनी की सीमा पारीक, हिन्दू जागरण मंच के सुभाष बाहेती, निम्बार्क सेवा समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, माहेश्वरी समाज प्रदेश कार्यालय मंत्री देवेंद्र सोमानी, सहकार भारती के छीतर मल लढ़ा और दुर्गा लाल सोनी, आरोग्य भारती के प्रान्त मंत्री कैलाश सोमानी, भाजपा के नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व उप प्रधान केसर सिंह चौधरी, कन्हैया लाल स्वर्णकार, दिनेश विजयवर्गीय, रामेश्वर ईनाणी, गोपाल जागेटिया, चंद्र प्रकाश काळ्या, रामचंद्र मूंदड़ा, ओमप्रकाश लढ़ा, माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदीप जागेटिया, शंकर ईनाणी, रतन सिंह चारण सहित कई संगठनों के पदाधिकारी की विशेष उपस्थिति रही, रक्तदान शिविर प्रभारी गोपाल विजयवर्गीय ने बताया की इस शिविर में पहली बार कई लोगो ने प्रेरित होकर रक्तदान किया! सभी का स्वागत शिविर बद्रीलाल सोमानी, यश सोमानी, सौरभ सोमानी, आशीष काबरा, जगदीश सोमानी, ललित सोमानी ने किया ! रक्तदान से पूर्व सभी ने दिवंगत मुकेश सोमानी की तस्वीर पर माल्यार्पण करके सबने पुष्पांजलि अर्पित की, दीप जलाकर सबने मौन श्रद्धांजलि भी दी।





LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

**एलआईसी के साथ अपना विकास सुनिश्चित करें**

- तीन साल के लिए स्टाइपेंडरी स्कीम.
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: 10वीं पास से लेकर कोई भी उच्च शिक्षा.
- न्यूनतम पूर्ण आयु: आवेदन के समय 18 वर्ष.
- एजेंसी स्टाइपेंडरी अवधि में एवं उसके पश्चात नियमानुसार कमीशन के साथ जारी रहेगी.
- शर्तों के अधीन एलआईसी अपने एजेंट्स को कैरियर के अवसर भी प्रदान करती है.
- निर्दिष्ट मानदंडो की प्राप्ति पर आधारित स्टाइपेंडरी योजना

**स्वावलंबी नारी, खुशहाली हमारी**

LIC / M1/ 2024-25 / 32 / Hin

**आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें**

हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें.** आईआरडीएआई बीमा पॉलिसी बेचने या बोनस की घोषणा करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होता. जनता से निवेदन है कि ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने पर वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं. **जोखिम घटकों, नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.**

# 4 करोड़ 89 लाख रुपये का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने 978 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद कर कंटेनर को जब्त किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के हनुमान नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर में अवैध गांजा ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले की हनुमानगर थाना पुलिस ने 4 करोड़ 89 लाख 30 हजार रुपये की अनुमानित कीमत का 978 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद कर कंटेनर को जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

हनुमान नगर थाना प्रभारी शंकरसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि कोटा की ओर से आने वाले एक कंटेनर में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ है। यह कंटेनर हाईवे से होते हुए आगे जायेगा। इस सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य




**हनुमान नगर थाना पुलिस ने करोड़ों का गांजा बरामद कर तस्करों को गिरफ्तार किया।**

और डीएसपी जहाजपुर नरेन्द्र पारीक के सुपरविजन में थाना प्रभारी सिंह मय जाब्ता नेशनल हाइवे 52 स्थित बालाजी तिराहा पर पहुंचे और नाकाबंदी की। सूचना के मुताबिक आये कंटेनर को पुलिस ने रोका। तलाशी ली तो उसमें 978.6 किलोग्राम अवैध गांजा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर दो तस्करों गुर्जरी का मोहल्ला नानणा थाना दूद जिला जयपुर ग्रामीण निवासी शाहरुख मोहम्मद (22) पुत्र मुनीर खां भाटी,

- **कोटा की ओर से आ रहे कंटेनर में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया**

सचिन गुर्जर (19) पुत्र रामजीवन गुर्जर को गिरफ्तार किया, साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर किया गया।

पुलिस ने जब्त गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 4 करोड़ 89 लाख 30 हजार रुपये बताई है। हनुमान नगर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ एएसआई कैलाश चंद, दीवान रामराय कांस्टेबल राजेन्द्र (विशेष योगदान), भगवत सिंह, लालाराम, शंकरलाल, विक्रम सिंह, टिकम चंद चालक, जहाजपुर थाने के कांस्टेबल रामचंद्र व रीकम चालक (विशेष योगदान) शामिल थे।

# पांच लाख रुपए से भरा ए.टी.एम. उखाड़ ले गए बदमाश

## 65 किलोमीटर दूर ट्रे बॉक्स को काटकर नगदी निकाली, मशीन को फेंककर बदमाश फरार हुये

**सूरतगढ़, (निसं)।** पांच लाख रुपए भरे पीएनबी बैंक एटीएम को उखाड़कर बदमाश पिकअप में डालकर ले गए। बदमाशों ने 65 किलोमीटर जाकर गैस कटर से मशीन के ट्रे बॉक्स पार्ट काटा। इसके बाद रुपए निकालकर मशीन को सुनसान जगह फेंक गए। वारदात के बाद सोमवार सुबह मशीन को बरामद कर लिया गया है। घटना सूरतगढ़ के गांव बीरमाना में रविवार रात 2 से 2:30 बजे के बीच हुई।

डीएसपी प्रतीक मील ने बताया कि पिकअप सवार करीब आधा दर्जन बदमाश गांव के पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम के सामने आकर रुके और बैंक के बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों पर काले रंग से स्प्रे कर दिया, ताकि कैमरे का लेंस ढक जाए। इसके बाद, दो से तीन बदमाश लोहे की रॉड लेकर एटीएम कक्ष में घुसे और बाहर और अंदर लगे हूटर की तारें काट दीं, ताकि किसी प्रकार की आवाज न हो। बदमाशों ने लोहे की रॉड से एटीएम को उसके फाउंडेशन से हिला दिया। इसके बाद पिकअप से ही टोचन करके एटीएम मशीन को उखाड़ लिया और पिकअप में डालकर फरार हो गए।

- **बैंक के बाहर लगे सभी सीसीटीवी पर काले रंग से स्प्रे कर दिया, ताकि कैमरे का लेंस ढक जाए**
- **पिकअप से ही टोचन करके एटीएम मशीन को उखाड़ा और पिकअप में डालकर फरार हो गए**

बैंक अधिकारियों के अनुसार, घटना के वक्त एटीएम में करीब पांच लाख रुपए का कैश था, जिसे चोर मशीन के साथ ही ले भागे। घटना की सूचना मिलते ही एसपी गौरव यादव के निर्देशों पर डीएसपी प्रतीक मील ने रात में बीकानेर संभाग में नाकाबंदी करवाई और पुलिस टीमों ने हाईवे और लिंक सड़क मार्गों पर वाहनों की गहन तलाशी ली। वहीं बैंक अधिकारियों और राजियासर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वारदात का मुआयना किया। बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया।

डीएसपी प्रतीक मील ने बताया कि घटना स्थल गांव बीरमाना से 65 किलोमीटर दूर क्षतिग्रस्त एटीएम सोमवार सुबह 11 बजे मिला। चोरों ने गैस कटर से मशीन के ट्रे बॉक्स पार्ट को काटकर 5 लाख रुपए की नकदी से भरी कैश ट्रे निकाल ली। इसके बाद मशीन को 465 हैड (सूरतगढ़) के सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, पूर्व में भी इसी बैंक के एटीएम से चोरी की दो बार कोशिश की जा चुकी है। दोनों बार एक ही तरीका अपनाया गया था। इस बार भी चोरों ने पूरी तरह से रैकी कर घटना को अंजाम दिया। घटना से पहले चोरों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे किया और उनकी वायर काट दी। हालांकि, एटीएम के अंदर लगे कुछ सीसीटीवी कैमरों पर कलर स्प्रे छिड़कने के बावजूद लेंस पूरी तरह से कवर नहीं हो पाए, जिससे कुछ फुटेज रिकार्ड हो गए। पुलिस ने बैंक प्रबंधन को पूर्व में हुई चोरी की कोशिश के बाद सुरक्षा उपाय करने के लिए कहा था, लेकिन बैंक प्रबंधन ने ना तो गार्ड लगाया और न ही कोई अन्य सुरक्षा इंतजाम किए, जिससे यह घटना घटित हुई।

## उर्स स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में चल रहे 813 वें सालाना उर्स के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से जायरीन के अजमेर पहुंचने के लिये अब तक कुल 18 उर्स स्पेशल गाड़ियां चलाई जा रही हैं, जोकि ऑनलाइन रिजर्वेशन के लिए सिस्टम पर उपलब्ध है। इस वर्ष उर्स के लिए जिन स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है उनमें अजमेर-बांद्रा, बांद्रा अजमेर, अजमेर-नांदेड़, नांदेड़-अजमेर, तिरुपति-मदार जंक्शन, मदार जंक्शन-तिरुपति, आजमगढ़- मदार जंक्शन, मदार जंक्शन आजमगढ़, अजमेर-काचीगुड़ा, काचीगुड़ा-अजमेर, अजमेर-हैदराबाद, हैदराबाद-अजमेर, अजमेर-तिरुपति, तिरुपति-अजमेर उर्स स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं।

# पांच किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर पांच किलो गांजा बरामद किया है।

गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह ने बताया कि हैड कांस्टेबल योगेश्वर सिंह, कांस्टेबल शिवसिंह, प्रतापसिंह, योगेन्द्र के साथ लोकल व स्पेशल एक्ट व मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए गोगुन्दा, चाटियाखेड़ी गश्त करता हुआ गोगुन्दा से नाल की तरफ जाने वाले रोड पर भाट सेनबोट घाटी पहुंच नाकाबंदी शुरू की। नाल की तरफ से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर एक प्लास्टिक का कट्टा लेकर आता हुआ नजर आया। जिसे रूकवाया तो बाइक सवार व्यक्ति ने बाइक को पहले धीमा किया फिर तेज गति से भगाने की कोशिश की, जिस पर बाइक रूकवाकर उससे पूछताछ की तो अपना नाम वीरमा राम पुत्र होमा गमेती निवासी पुनावली फलां वंशकली माण्डवा होना बताया। वीरमाराम गमेती की बाइक पर प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो कट्टे में पांच थैलियों में 5.490 किलो गांजा मिला।

आरोपी वीरमा राम गमेती ने वालू महाराज निवासी काडा ओगणा से गांजा खरीद कर लाना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के गुडला नदी के आम रोड से बौंली पुलिस ने अवैध रूप से रखी गई देशी शराब के 55 पव्वों के साथ हेवराज गुर्जर निवासी गुडला नदी को गिरफ्तार किया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि गठित टीम में शामिल कांस्टेबल गणपत एवं संदीप गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बौंली से मुखबिर ने सूचना दी कि गुडला नदी सड़क मार्ग पर एक व्यक्ति अवैध देशी शराब के कार्टून के साथ कहीं ले जाने की फिराक में खड़ा है। गश्ती दल ने वाहन से मौके पर पहुंचकर गुडला नदी मार्ग पर हेवराज गुर्जर कार्टून के साथ अवैध 55 देशी पव्वों के साथ खड़ा नजर आया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा।

# दुकान से घर लौट रहे व्यापारी के साथ लाखों की लूट

## 8 किलो चांदी, 80 ग्राम सोने के जेवर तथा 1.80 लाख की नकदी लूटी

**आसींद, (निसं)।** ग्राम पंचायत रतनपुरा से लाछुड़ा के बीच चार-पांच बदमाशों ने ज्वेलर्स व्यवसायी के साथ लूट की वारदात की है।

लूटपाट की घटना में घायल ज्वेलर्स व्यवसायी भेरूलाल सोनी तथा उसके साथ आए परिजनों ने बताया कि वह रतनपुरा चौराहे पर ज्वेलर्स की दुकान करता है। दुकान बंद कर शाम को करीब 7:30 बजे अपने घर की ओर मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहा था। इस बीच लाछुड़ा सड़क मार्ग पर उसकी बाइक के सामने एक कार उसका रास्ता रोककर अचानक रूक गई। करीब चार पांच व्यक्ति जो कार में सवार थे, फटाफट नीचे उतरे और उसके साथ छीनाझपटी करने लगे। इस बीच उनके साथ हाथापाई हो गई। उसने बीच बचाव की कोशिश की तो लुटेरों ने उसके साथ मारपीट कर दी तथा उसे कार में उठाकर पटक दिया तथा वहां से एक सूने जंगल में ले गए।

जहां उसके साथ लूटपाट करने लगे तो उसने बचाव की कोशिश की, जिससे उसके सिर हाथ में गंभीर चोटें आई तथा उसे वहां अंधेरे में जंगल में पटक कर भाग निकले। ज्वेलर्स व्यवसायी ने होश संभालते हुए अंधेरे में पैदल चलकर सड़क मार्ग पर पहुंचे तो उनको पता चला कि यह लादुवास गांव का जंगल है। उसने राहगीरों को रोककर मदद मांगी, तो राहगीरों ने बातचीत कर ने इस घटना की पुलिस को जानकारी दी।

ज्वेलर्स व्यवसायी ने बताया कि इस लूटपाट की घटना में लुटेरे उससे करीब 8 किलो चांदी तथा 80 ग्राम सोने की जेवरात तथा एक लाख अस्सी हजार रूपये की नकदी तथा उसके गले में पहनी हुई सोने की चेन तथा सोने की अंगूठी लूट ले गए हैं।

# पुलिस ने दो चेन स्नेचर को दबोचा

## जुए की लत से कर्जदार बन गये थे दोनों युवक



**पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**अजमेर, (कासं)।** जुए की लत से बने कर्जदार दो युवक अब शातिर अपराधी बन गए हैं। कर्ज उतराने के लिए एक के बाद एक वारदात को अंजाम देकर अपराध की दुनिया में कदम रख चुके युवक शातिर चेन स्नेचर बन गए। बीते दिनों क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में राह चलती एक महिला के गले से झपट्टा मार सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए थे।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और मुखबीर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन भी बरामद कर ली है। सीओ साउथ ओमप्रकाश ने बताया कि 3 जनवरी को लाल कोठी केसरगंज निवासी मंजू देवी पत्नी योगेंद्र कुमार जैन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह इवनिंग वॉक के लिए घर से निकली थी। इसी बीच दो युवक पैदल-पैदल उसके पीछे चल रहे थे। इनमें से एक युवक ने गले में पहनी सोने की चेन पर झपट्टा मारकर छीन ली और रफूचक्कर हो गए।

पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर शांतिनगर मलूसर निवासी उमेश और रोहित उर्फ गल्ला को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जुए की लत की वजह से दोनों कर्जदार हो गए थे, कर्जा उतारने के लिए चोरी और चेन स्नेचिंग की वारदात करने लगे थे। आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2016, 2019 और 2022 में भी चोरी और चेन स्नेचिंग की वारदातें दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों का नेटवर्क खंगाला जा रहा है। पुलिस को कई और वारदातें खुलने की संभावना है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

# अवैध अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** हाइवे पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को अवैध अफीम परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी चन्द्रशेखर किलानिया ने बताया कि हैड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, रतनलाल, राम सिंह के साथ गश्त करने निकले थे। बाठेड़ा सराय में लगे पुलिस जाब्ते को चैक करने व सर्कल में गश्त करते हुए भमरासिया घाटी पहुँचे, जहां प्रकरण में वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी। उसी दौरान करीब दोपहर बारह बजे भमरासिया पुलिया के नीचे एक बाइक पर दो व्यक्ति सवार होकर भमरासिया पुलिया के नीचे चितौड़गढ़ से उदयपुर की तरफ वाले रास्ते पर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार से निकले और पुलिस जाब्ते को देखकर आंखे चुराते हुए निकले। जिनकी गतिविधी संदिग्ध लगने पर इनका पीछा किया तो न्यू राडाजी रेस्टोरेण्ट भमरासिया पुलिया के आगे उनको रूकवाया। पूछताछ में इन दोनों ने अपना नाम सुरेश पुत्र शंकर गायरी और कालूलाल पुत्र दौला माली निवासी नान्दोली निकुंभ चित्तौड़गढ़ होना बताया। बाइक के बाएं तरफ गियर लीवर के उपर ढक्कन खोलकर प्लास्टिक के डब्बे को खोलकर देखा गया तो प्लास्टिक की दो थैलियां रखी हुई थी, जिसमें अफीम भरी थी। आरोपी सुरेश गायरी व कालूलाल माली ने अफीम को उदयपुर बेचने के लिए जाना बताया। आरोपियों के पास 682 ग्राम अफीम मिली। आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## अधेड़ की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** पत्नी के साथ बाइक पर सामाजिक कार्यक्रम से निवृत होकर जाते समय ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ की मौत हो गई। नारायणलाल (57) पुत्र फूलाराम मीणा निवासी बुधाखेड़ा कपासन पत्नी लाली बाई के साथ रविवार को छापरी गांव में सामाजिक कार्यक्रम में गया था, जहां से सिंगपुर लौट रहा था। रास्ते में सामने से तेज गति में आए ऑटो चालक ने टक्कर मार दी। दम्पती को स्थानीय चिकित्सालय लेकर गए, जहां से नारायणलाल की स्थिति गंभीर होने पर एमबी चिकित्सालय रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया।

# ऑनलाइन गेमिंग के बहाने ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की स्पेशल टीम और हिरणमगरी थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो भोले-भाले लोगों ऑनलाइन गेमिंग खिलाने और उनके दस्तावेज प्राप्त कर उनके नाम से खाते खुलवाकर ठगी के पैसों को उनके खातों में मंगवाकर ऐश करते हैं। इस गिरोह में एक महिला है, जो एक निजी बैंक में जॉब करती है और वह बैंक में रहकर लोगों के खातों की डिटेल व हस्ताक्षर के नमूने अन्य आरोपियों को देती है। साथ ही भोले-भाले लोगों के नाम से बैंक में खाते भी खुलवाती है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय ने साईबर अपराधों की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान ऑपरेशन साईबर शील्ड चलाया जा रहा है। इसमें गठित टीम को सूचना मिली कि एक महिला सहित तीन लोग भोले-भाले लोगों से दस्तावेज लेकर उनके नाम से बैंक में खाते खुलवाकर ठगी का पैसा इन लोगों के अकांउट में मंगवाकर धोखाधड़ी करते हैं। ये बदमाश कार लेकर भाग रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर एक कार सवार एक युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आयुष पुत्र गिरीराज, पूजा पुत्री प्रभुराम और राजेन्द्र कुमार पुत्र करताराम बताया है।

- **महिला बैंककर्मी भी गिरफ्तार**

पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी भोले-भाले लोगों को लालच देकर अवैध रूप से संचालित गेमिंग वेबसाइट पर क्रिकेट तथा अन्य खेलों पर सट्टे का दाव लगवाने के लिए प्रेरित करने एवं दाव पर लगाए रूपयों को अन्य आम व्यक्तियों को धोखे में रख उनके नाम पर खुलवाए गए बैंक खातों में डलवा कर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से साइबर ठगी करने में प्रयुक्त लेपटॉप, मोबाइल, सैकड़ों की तादाद में सिम व विभिन्न फर्मों की मोहरें, चैक बुकें, एटीएम कार्ड व फर्जी खाता धारकों की पासबुक इत्यादि सामग्री पाई गई।

# जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की ओर से अजमेर दरगाह में चादर पेश

## देश एवं प्रदेश में अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं नेशनल कांफ्रेंस के सदर डॉ. फारूक अब्दुल्ला की तरफ से सोमवार को ख्वाजा साहब के आस्ताने शरीफ में मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश कर देश एवं प्रदेश में अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ की।

- **खादिम सैयद फकरे मोइन चिश्ती एवं सैयद दानिश मोइन ने चादर पेश कराई**

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की चादर नेशनल कांफ्रेंस जम्मू के सदर शौकत अहमद मीर एवं डॉ. उमर फारुकी की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल लेकर अजमेर पहुंचा। खादिम सैयद फकरे मोइन चिश्ती एवं सैयद दानिश मोइन ने दस्तारबंदी कर चादर पेश कराई। दरगाह में बुलंद दरवाजे पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं नेशनल कांग्रेस के सदर डॉ. फारूक अब्दुल्ला की ओर से भेजा संदेश को पढ़कर सुनाया गया।



**मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की ओर से चादर नेशनल कांफ्रेंस जम्मू के सदर शौकत अहमद मीर एवं डॉ. उमर फारुकी की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल लेकर अजमेर पहुंचा।**

संदेश में देशवासियों को ख्वाजा साहब के 813 उर्स की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमारे देश एवं प्रदेश में अमन-चैन खुशहाली भाईचारा बना रहे और ख्वाजा साहब के सूफीवाद के माध्यम से आपस में प्यार मोहब्बत से रहे। हम सबको उनके बताएं मार्ग चलने की जरूरत है, देश में अंदरुनी एवं बाहरी ताकतें नफरत फैलाने का प्रयास कर रही है उनके मंसूबे कतई कामयाब ना हों, जम्मू-कश्मीर में तरक्की करे और सूबे में खुशहाली हो।

# शमशान घाट पर शव के अंतिम संस्कार को लेकर हंगामा

## लोगों ने गेट पर ताला लगाया, शव को सड़क पर लेकर बैठे परिजन

**पावटा, (निसं)।** ग्राम भांकरी के बाबा गोपालदास स्थान के पास कई वर्षों पुराना शमशान घाट है, जहां शमशान घाट में जाने के लिए एकमात्र रास्ता है, जिसे लेकर सोमवार को शव के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

ग्राम भांकरी में एक अधेड़ की मौत के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने शमशान घाट पहुंचे, जहां पर मुख्य गेट पर ताला लगा था। इस पर शव रखकर परिजन व ग्रामीण तीन घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन ताला नहीं खोला गया। इसकी सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार, गिरदावर मौके पर पहुंचे। लंबी जद्दोजहद के बाद घाट का ताला खुलवाया गया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

- **प्रशासन ने दोनों पक्षों से समझाइश कर इस तरह की लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी**

जानकारी के अनुसार भांकरी निवासी भगवान सहाय का सोमवार को निधन हो गया था। सोमवार को परिजन शव का अंतिम संस्कार करने समाज के शमशान घाट गए। वहां देखा तो मुख्य गेट पर ताला लगा था। इस पर शव रखकर लोग काफी देर तक इंतजार करते रहे, लेकिन आधे घंटे बाद ताला नहीं खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार व गिरदावर शशिधर यादव मौके पर पहुंचे और समझाइश की गई। शमशान का ताला नहीं खुलने से नाराज हुए मृतक के पुत्र दाताराम, जगन, सुरेश, विक्रम व ग्रामीण मुखराम धनखड, सुल्तान टोकस, हेमंत धनकड़, कैलाश धनकड़, हरिसिंह वकील, बाबूलाल धनकड़, धर्मचंद, हवासिंह, कुलदीप, सांवलराम सहित समाज के लोग व ग्रामीण शव को सीसी रोड के बीच लेकर बैठ गए व आक्रोश जताया।

इस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार व गिरदावर शशिधर यादव ने ताला खुलवाने का आश्वासन दिया। करीब तीन घंटे बाद प्रशासन की मौजूदगी में शमशान घाट का ताला खोला गया। इस दौरान प्रशासन ने दोनों पक्षों के लोगों से समझाइश करते हुए भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी। शाम सात बजे शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# एस.आई. भर्ती को लेकर स्थिति स्पष्ट करे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक से जुड़े मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए दो दिन का समय देते हुए भर्ती को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अदालत ने कहा है कि गत 18 नवंबर को भर्ती पर दिए यथास्थिति के आदेश की पालना होनी चाहिए और यदि ट्रेनी एसआई को फील्ड पोस्टिंग दी गई तो वह अवमानना की श्रेणी में माना जाएगा। अदालत ने राज्य सरकार को हिदायत दी है कि वह यथास्थिति आदेश को बरकरार रखे और भर्ती को लेकर कुछ भी नहीं करें, वरना अदालत इसे गंभीरता से लेगी। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका व डीजीपी की ओर से गत 31 दिसंबर को आदेश जारी कर ट्रेनी एसआई को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए जिले आवंटित करने के आदेश के खिलाफ पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **अदालत ने कहा है कि गत 18 नवंबर को भर्ती पर दिए यथास्थिति के आदेश की पालना होनी चाहिए**
- **'यदि ट्रेनी एसआई को फील्ड पोस्टिंग दी गई तो वह अवमानना की श्रेणी में माना जाएगा'**

सुनवाई के दौरान अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद से कहा कि जब 18 नवंबर को भर्ती पर यथास्थिति दी गई तो फिर ट्रेनी एसआई को फील्ड पोस्टिंग कैसे दी जा सकती है। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूर्व में ही पूरी हो चुकी है और अब ट्रेनी एसआई को आरपीए ट्रेनिंग के बाद फील्ड ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। यह भी मूल ट्रेनिंग का ही हिस्सा है। एजी ने कहा कि करीब 800 ट्रेनी हैं, इसमें से कुछ गलत हो सकते हैं, लेकिन इस आधार पर सभी को ट्रेनिंग से नहीं रोक सकते। इस पर अदालत ने कहा कि 22 नवंबर को उन्हें भर्ती के संबंध में निर्णय लेने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था, लेकिन अब छह सप्ताह बाद भी राज्य सरकार का जवाब नहीं आया है। इसके जवाब में महाधिवक्ता ने कहा कि भर्ती को लेकर बडे स्तर पर विचार विमर्श चल रहा है, और जवाब के लिए समय दिया जाए। अदालत ने राज्य सरकार को दो दिन का समय देते हुए सुनवाई 9 जनवरी को तय की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि महाधिवक्ता जब भर्ती को रद्द करने की राय दे चुके हैं तो मामले में पैरवी कैसे कर सकते हैं। वहीं प्रार्थियों के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा कि पुलिस विभाग ने भर्ती पर यथास्थिति आदेश के बाद भी 31 दिसंबर को आदेश जारी कर ट्रेनी एसआई को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए जिला आवंटित करने के लिए कहा है। यह आदेश अदालती अवमानना है। मूल याचिका में पूरी भर्ती को ही रद्द करने का आग्रह किया है। सरकार ने अदालत के समय देने के बाद भी भर्ती को लेकर अपनी स्थिति नहीं बताई और ट्रेनी एसआई को फील्ड पोस्टिंग में भेज रहे हैं जो गलत है।



**मौसम विभाग ने सोमवार को जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था जिसका जयपुर में भारी असर दिखाई दिया। कोहरे के कारण वाहनों की लाइट जलाने के बाद भी विजिबिलिटी बहुत कम होने से वाहन रेंग-रेंग कर चलते नज़र आये।**
फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# ज्ञान का सम्वर्धन करती है मथुरा लीला : मृदुल कृष्ण



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को विद्याधर नगर में सपत्नीक सुप्रसिद्ध कथा वाचक मृदुल कृष्ण महाराज की भागवत कथा का श्रवण किया।**

**जयपुर।** गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 26 वें वार्षिकोत्सव पर तक विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे स्थित प्रांगण में चल रही 108 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ के छठवें दिन सोमवार को व्यासपीठ से आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि प्रभु श्री कृष्ण की मथुरा लीला जीव के हृदयान्धकार को नष्ट कर ज्ञान का विकास करती है यानि यह कहा जाए कि मथुरा लीला ज्ञान का संवर्धन करती है।

जिस ज्ञान के माध्यम से जीव पूर्ण ब्रम्हा श्रीकृष्ण से साक्षात्कार करता है। मथुरा लीला प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला में अज्ञान रूपी कंस का उद्धार कर ज्ञान का सम्बर्धन किया। यहाँ तक कि साक्षात् बृहस्पति के शिष्य उद्धव जी के ज्ञान को प्रभु ने गोपियों के द्वारा भक्ति का चादर उड़ाकर परिपूर्ण किया। स्वयं परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला में ही गुरू सान्दीपनि के सान्निध्य में चैसठ दिनों तक रहकर ज्ञान प्राप्त किया। अतः प्रभु की मथुरा लीला श्रवण करने मात्र से भक्त के हृदय में ज्ञान का उदय होता है। उन्होंने बताया कि यदि बिद्यार्थी अपने अध्ययन काल में यदि प्रभु की मथुरा लीला को श्रवण करता है तो निश्चित रूप से विद्या के क्षेत्र में उसे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होती है। विशेष महोत्सव के रूप में श्री रूक्मिणी विवाह महोत्सव बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। इस प्रसंग पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि श्री रूक्मिणी जी ने अपने जीवन में किएहुए सत्कार का फल केवल प्रभु को ही माँगा। जिसको कि प्रभु श्री द्वारिकाधीश ने स्वयं रूक्मिणी के कुणिनपुर जाकर रूक्मिणी को प्रधान पटरानी बनाकर पूर्ण किया। यह पवित्र प्रसंग हम सबको शिक्षा प्रदान करता है हमें जीवन में किये हुए सत्कार के फल के रूप में प्रभु की ही आचना करनी चाहिए। इस अवसर पर श्री गोविन्द देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने भी कथा का श्रवण किया और सम्मान स्वरूप आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज को ़चित्र भेंट किया। मुख्य यजमान मदन मोहन सोमानी व वरुण सोमानी ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को महोत्सव के अंतिम दिन सुदामा चरित्र व नवयोगेष्वर संवाद के बाद पुष्प होली महोत्सव मनाया जाएगा।

# कानूनों का प्रदेश में हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में लागू तीन नवीन कानूनों में सजा की तुलना में न्याय पर अधिक जोर दिया गया है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम हमारे संविधान की मूल भावना के अनुसार बनाए गए हैं। ये कानून आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

- **'नए आपराधिक कानून शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका'**

मुख्यमंत्री के कहा कि नवीन आपराधिक विधि में आपराधिक मामले के महत्वपूर्ण चरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है जिससे पीड़ित को त्वरित न्याय मिल रहा है। साथ ही पीड़ित को अपने साथ हुए अपराध की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थाने में दर्ज कराने की बाध्यता से मुक्ति मिली है।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नवीन आपराधिक कानूनों के राजस्थान में क्रियान्वयन तथा प्रचार-प्रसार के संबंध में गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा जनता को भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नए कानूनों को लागू करने में आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों का प्रदेश में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है और इनके प्रचार-प्रसार में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य है। आमजन को इनकी जानकारी देने के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है। राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से नए कानूनों की जानकारी दी गई है। साथ ही, प्रदेश में महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के बारे में पुस्तकें तैयार करवाकर वितरित की गई है।

## गंगापुर सिटी 'जिले' के दर्जे को खत्म करने के खिलाफ याचिका पेश

**जयपुर।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से बनाए जिले गंगापुर सिटी के जिले का दर्जा रद्द करने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। जिस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ आगामी दिनों में सुनवाई करेगी। कांग्रेस के नेता रामकेश मीणा व अन्य की ओर से दायर इस जनहित याचिका में मुख्य सचिव सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया है कि गंगापुर सिटी को जिले का दर्जा निर्धारित मापदंड के तहत दिया गया था। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद जिलों को लेकर राजनीति शुरु हुई और अब राजनीतिक द्वेषता के चलते ही कुछ जिलों का दर्जा समाप्त कर दिया गया है। गंगापुर सिटी से जिला का दर्जा समाप्त करने के पीछे भी सरकार की राजनीतिक द्वेषता ही है। याचिका में कहा गया कि सरकार ने करीब डेढ साल पहले गंगापुर सिटी को जिला बनाया था और उसके बाद यहां कई प्रशासनिक नियुक्तियां हो चुकी हैं। वहीं विभाग भी बतौर जिला स्तर पर काम कर रहे हैं। कमेटी ने लोगों से आपत्तियां मांगने के बाद इसे जिला घोषित किया था। ऐसे में अब महज राजनीतिक द्वेषता के चलते इसे जिला निरस्त करना गलत है। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अगस्त, 2023 में 3 नए संभाग और 19 जिलों का गठन किया था।



**जयपुर के राजापार्क गुरूद्वारे में गुरू गोबिन्द सिंह जयंती पर विशेष रूप से सजाया गया और विशेष पूजा की गई। वहीं सुबह से ही अटूट लंगर बरताया गया।**

# परंपरागत जलस्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर अधिक से अधिक जल का संचय करें : दिलावर

**जयपुर।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलवर ने कहा कि परंपरागत जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर अधिक से अधिक जल का संचय करें।

दिलावर आज सोमवार को शिक्षा संकुल में आयोजित जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परंपरा गत जल स्त्रोतों बावड़ी, तालाब, कुंड, खड़ीन, जोहड़ आदि का पुनः सर्वे कर चिन्हित करने के कार्य को अभियान के रुप में लें। साथ ही इनमें पानी की आवक के रास्ते बनाने, नियमित साफ सफाई करने जैसे कार्य इसी वित्तीय वर्ष में करने के निर्देश दिए।

विभाग के कार्यों के संचालन के लिए बनाई गई कमेटियों को क्रियाशील करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने डिग्गी-मालपुरा में तालाब की डीपीआर शीघ्र बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके अलावा भी बड़े गड्ढों को तालाब के रूप में परिवर्तित किया जाय ताकि जल का ज्यादा से ज्यादा संग्रहण किया जा सके।नदियों के किनारे भूमि कटाव को भी रोका जाय।

उन्होंने विभाग द्वारा बनाये गए 75 अमृत सरोवर, 863 एनीकट की विस्तार से जानकारी ली।उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के जरिए कृषि उत्पादन बढ़ाने ,होर्टीकल्चर गतिविधियों के माध्यम से प्लांटेशन करने फलदार पौधे लगाने, घास उत्पादन बढ़ाने, ड्रिप सिस्टम लगाने एवं आमजन से सजीव सम्पर्क बनाये रखने के लिए अधिकारियों को समय-समय पर गांवों में रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में विभाग के आयुक्त श्रीराम मीना एवं अधिकारी उपस्थित थे।

दिलावर ने विलायती बबूल के बढ़ते हुए फैलाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की इसको समूल नष्ट करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना अतिशीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए।

- **परंपरा गत जल स्त्रोतों बावड़ी, तालाब, कुंड, खड़ीन, जोहड़ आदि का पुनः सर्वे कर चिन्हित करने के कार्य को अभियान के रुप में लेने के निर्देश**

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी वित्त वर्ष में लक्ष्य लेकर प्रदेश के 220 एनीकेट और 50 बावड़ियों का जीणोद्धार करवाया जाए। और 31 मार्च तक इस को पूर्ण किया जाए।

28 फरवरी तक बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शिक्षा मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में आपके प्रोजेक्ट में 1885 पंचायतें है। इन सभी पंचायतों के भवनों एवं इनके अंतर्गत आने वाले सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 28 फरवरी तक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रिचिंग सॉफ्ट के साथ बनाए जाए।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज यहां वाटरशेड के अधिकारियों की बैठक में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारी आवश्यक रूप से गांव में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हो। दिलावर ने कहा कि पूर्व में भी इस बाबत निर्देश जारी कर दिए गए थे किंतु लगता है अभी तक अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। मंत्री ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि आपके पास सरकारी वाहन है। सुविधाएं हैं, फिर भी आप ग्रामीण क्षेत्रों में फील्ड में प्रवास नहीं कर रहे हैं। तो फिर गाड़ी की क्या आवश्यकता है। क्यों ना आप से गाड़ी वापस ले ली जाए। मंत्री ने कहा कि अगली बैठक में जब हम मिले तो मुझे फील्ड की पूरी रिपोर्ट चाहिए।

# सभी अंग्रेजी मीडियम स्कूल बंद नहीं होंगे : जोगाराम पटेल

**जयपुर।** संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि कांग्रेस राज में खुले सभी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा। समीक्षा के बाद जो अंग्रेजी मीडियम स्कूल सही है। उनको बरकरार रखेंगे।

जोगाराम पटेल ने कहा कि अगर अंग्रेजी स्कूल जनहित के हैं, उनकी केवल समीक्षा होगी। कांग्रेस को चिंता नहीं करनी चाहिए। अंग्रेजी माध्यम का स्कूल सीरियसली अंग्रेजी माध्यम का हो। उसमें अंग्रेजी विषय के टीचर हों। ऐसी शिकायतें आई थी कि हिंदी मीडियम के स्कूल पर केवल अंग्रेजी माध्यम के स्कूल का बोर्ड लगा दिया। उन स्कूलों में न अंग्रेजी शिक्षकों की व्यवस्था की, न अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई हुई। अंग्रेजी स्कूलों की समीक्षा की जाएगी। जो जरूरी होगा उनको रखा जाएगा।

# दिया कुमारी ने गुरु गोबिंद सिंह की ऐतिहासिक तलवार की पूजा-अर्चना की

**जयपुर।** सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में विराजमान गुरु जी की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथा हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेंगी। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया।

गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर यह तलवार सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में आगंतुकों, पर्यटकों और आमजन के दर्शन के लिए रखी गई है।

गौरतलब है कि गुरु गोबिंद सिंह ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश) में व्यतीत किया था। तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की थी। राजमाता पद्मिनी देवी, जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं।




**सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।**

## भाजपा जयपुर शहर जिले के 13 मंडल अध्यक्ष घोषित

**जयपुर।** भाजपा के संगठन पर्व के तहत आज जयपुर शहर जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों एव मंडल प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया है। आमेर में मंडल अध्यक्षरामचंद्र सैनी, मंडल प्रतिनिधि रामजीलाल गुर्जर, जवाहर नगर में मंडल अध्यक्षओम हरजानी, मंडल प्रतिनिधि प्रमोद बंसल, सूरजपोल में मंडल अध्यक्ष विनय कुलवाल, मंडल प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह राजावत, पोण्डरिक मंडल अध्यक्षप्रेमचंद सैनी, मंडल प्रतिनिधि राममणि तिवारी, जोहरी बाजार मंडल अध्यक्षदीपक शर्मा, मंडल प्रतिनिधि श्याम गोडीवाल, मालवीय नगर मंडल अध्यक्षहरिश खाडिया, मंडल प्रतिनिधि अमिता शर्मा, महेश नगर में मंडल अध्यक्षदीनदयाल सैनी, मंडल प्रतिनिधि रेखा तिवाडी, राजापार्क मंडल अध्यक्षमोहित मूलचंदानी, मंडल प्रतिनिधि पूनम कल्ला, शास्त्री नगर मंडल अध्यक्षगजानंद योगी, मंडल प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, प्रताप नगर मंडल अध्यक्षअजय पारीक को बनाया।

# जयपुर फैशन एक्सपो 2025 का पोस्टर विमोचन

**जयपुर।** जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से चन्दन वन सीतापूरा में 10-11 जनवरी को जयपुर फैशन एक्सपो 2025 इंटरनैक्शनल फैशन के कलर फुल ड्रेस के साथ आयोजित किया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित टेलर ने बताया इस एक्सहिबिशन में ब्लैक एंड वाइट थीम और पेस्टल कलर चार्ट के साथ गोटा पत्ती और सिक्वेंस स्ट्रिप प्रिंट, व्राइबेंट् कलर , बगरू प्रिंट , सांगानेरी प्रिण्ट से बने परिधान रैंप शो केश किया !फैशन के मिश्रण के माध्यम से एथनिक और फ्यूजन वियर श्रेणी के तहत डिजाइनर अनारकली , कुर्तियों, प्लाजो सूट सेट, इण्डो वेस्ट्रन लहंगा, कुर्तीस ब्लाउज सेट आदि डिस्प्ले किये जायेगे।

- **जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से चन्दन वन सीतापुरा में 10-11 जनवरी को जयपुर फैशन एक्सपो 2025 आयोजित किया जायेगा**

पोस्टर विमोचन में गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन , सेक्रेटरी अशोक गुप्ता ,भाजपा प्रदेश प्रभारी अशोक सैनी, शंकर जोशी ,सिद्धार्थ जैन,केशव शुक्ला,किशनचंद, आदि मौजूद रहे।

इस एग्जीबिशन में देश-भर के गारमेंट एजेंट्स भी शामिल है ,जयपुर के अनुभवी गारमेंट मैन्युफैक्चरर अपनी अपनी गारमेंट स्टॉल के माध्यम से अपना अपना कलेक्शन के माध्यम से बायर से ऑर्डर लिए जायेगे।

यहां इस ऐग्जीबिशन में नेपाल,यूएसए,लंदन,बंगलौर,हैदराबाद ,चेन्नई ,अहमदाबाद, भोपाल,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ ,दिल्ली, गोवा , रायपुर ,कोटा, भीलवाड़ा ,इन्दौर,आसाम , कलकत्ता आदि जगह से कस्टमर ने होलसेल में सभी मैन्युफैक्चर को ऑर्डर दिया जाएगा।

ये एक्ज़ीबिशन मैन्युफैक्चर टू होलसेलर के लिए रखा जाएगा। इस एक्ज़ीबिशन के माध्यम से सीतापुरा और मानसरोवर के टॉप 60 मैन्युफैक्चर को काफ़ी ऑर्डर मिलने की संभावना है। इस फेयर में अनुमानित 2000 होलसेलर कस्टमर आयेगे। इस एग्जीबिशन में कॉटन ,रेयोन, शिफ़ॉन,जोरजट,सिल्क से बने कुर्तिस, स्कर्ट, प्लाज़ो सेट, अनारकली, जम्पसूट्स इण्डियन एंड वेस्ट्रन परिधान डिस्प्ले किया जाएगा।

## 'साहित्य समाज को संवेदनशील बनाता है'

**जयपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा है कि साहित्य समाज को संवेदनशील और सहिष्णु बनाता है एवं सामाजिक बुराइयों के प्रतिकार के लिए प्रेरित करता है। वे "शब्द संसार" के तत्वावधान में प्राकृतिक योग आश्रम में वरिष्ठ लेखिका डॉ. सुषमा शर्मा की साहित्य समीक्षा की पुस्तक "कुछ कही, कुछ अनकही, अनसुनी" के लोकार्पण अवसर पर अध्यक्ष के रूप में बोल रहे थे। बहुभाषाविद डॉ, नरेन्द्र शर्मा कुसुम मुख्य अतिथि थे।

आफरीदी ने कहाकि साहित्य में आलोचना का विशेष महत्व है। इससे रचनाकार की कृति का सही मूल्यांकन होता पाठकों में अभिरुचि जगाता है। आलोचक की सही और निष्पक्ष समीक्षा लेखक के सृजन को मान्यता देती है। आज के लेखकों की प्रायोजित समीक्षाएं पाठकों का भरोसा तोड़ती हैं और यह साहित्य के साथ छल है।

# मांगों को लेकर आक्रोशित परिजन व समाजबंधु थाने के बाहर धरने पर बैठे

## बजरी भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत का मामला

**सायला, (निसं)।** सायला पुलिस थाना क्षेत्र के उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी के मंदिर के पास भीनमाल-जीवाणा स्टेट हाइवे पर अवैध बजरी से भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत के बाद दूसरे दिन सोमवार को आक्रोशित परिजन व समाजबंधु सायला पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

समाजबंधुओं ने मृतक उत्तमपुरी के परिवार को 2.50 करोड़ मुआवजा दिलाने, मृतक के 10 वर्षीय जीवित पुत्र राहुलपुरी की उम्र 18 वर्ष होने के बाद संविदा अथवा सरकारी नौकरी दिलाने, मृतक के बुजुर्ग माता-पिता के जीवन-यापन के लिए सरकार द्वारा उचित व्यवस्था करवाने, डम्पर चालक व मालिक को कठोर सजा दिलाने, अवैध बजरी परिवहन पर नकेल कसने की मांग की। वही मांगों पर सहमति नही बनने पर चारों मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने तथा शव उठाने से मना कर दिया। जिस पर जालोर वृताधिकारी गौतम जैन, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी व सीआई महेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया। लेकिन परिजन व समाजबंधु लिखित



मांगों को लेकर परिजनों व समाज के लोगों ने थाने के बाहर धरना दिया।

आश्वासन नहीं मिलने तक अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद शाम को जिला कलेक्टर प्रदीप के. गवांडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव व सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई भी पुलिस थाना सायला पहुंचे तथा समाज के मौजिज लोगों से वार्ता की। साथ ही नियमानुसार मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, जिससे परिजन व समाजबंधु संतुष्ट नजर आए। इसके बाद परिजनों एवं समाज बंधुओं द्वारा जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन भी दिया गया। वहीं देर शाम तक मृतकों के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था।

जानकारी के अनुसार बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी, उसकी पत्नी डिम्पल देवी, बेटी चिंटू और बेटे राजपुरी के साथ बाइक पर भीनमाल के कोरा गांव जाने के लिए निकला था। परिवार शोक सभा में शामिल होने जा रहा था। इस दौरान पोषाणा के पास सामने से आ रहे अवैध बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। ऐसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई रमेशपुरी पुत्र मांगपुरी ने डम्पर चालक के

- **मांगों पर सहमति नही बनने पर चारों मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने तथा शव उठाने से मना किया**

विरूद्ध तेज गति व लापरवाही से डम्पर चलाकर गलत दिशा में आकर बाइक के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है। मृतक उत्तमपुरी के तीन संतानें हैं, जिसमें से बड़ा बेटा राहुलपुरी (10 वर्ष) ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है, जबकि एक बेटी चिंटू (8 वर्ष) व बेटा राजपुरी (5 वर्ष) माता-पिता के साथ बावतरा में रहते थे, लेकिन सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत दो बच्चों चिंटू व राजपुरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली मृतका डिम्पलदेवी पत्नी उत्तमपुरी 5-6 माह की गर्भवती भी थी। डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपती व दो बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक फिरोज खान निवासी तेजा की बेरी व डंपर मालिक मेहबूब खान निवासी कोरी ध्वेचा को गिरफ्तार किया।

# जैन तीर्थ स्थल पर प्रतिमा, सिंहासन, छत्र व सामान चोरी



काछोला क्षेत्र स्थित श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथाय दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के काछोला थाना क्षेत्र स्थित श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथाय दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिसे लेकर समाज में भारी रोष है।

कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल ने तीर्थ स्थल पर हुई चोरी की वारदात को लेकर थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि निज मन्दिर की दो मूर्तियां एवं सिंहासन चोरी हुए हैं। बड़ी तादाद में जैन समाज के लोगों ने काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी को रिपोर्ट देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी ने विशेष टीम का गठन कर सीसीटीवी फुटेज का खंगाले हैं। श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद भीलवाड़ा एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर फुटेज लिए हैं। चौकीदार जगदीश गुर्जर सुबह साढ़े पांच बजे निज मंदिर पहुंचा तो देखा कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे रात्रि एक बजकर 55 मीनिट पर बंद हुए।

रात्रि 2 बजे से 2:30 के बीच सभी कैमरे बन्द कर की गई चोरी की वारदात में चोरों ने दो भगवान एक भगवान पार्श्वनाथ और भगवान शांतिनाथ की दो अष्टधातु की प्रतिमा, चांदी के छत्र सहित सिंहासन, गुल्लक से नकदी व अन्य कीमती सामान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कासलीवाल, कार्य अध्यक्ष प्रवीण चंद गोधा, प्रकाश गंगवाल, भागचंद बंसल, कैलाश चंद्र सोगानी, रूपचंद गोधा, मुकेश अजमेरा, सुरेशचंद्र कासलीवाल सहित समाजजनों ने वारदात का खुलासा करने की मांग की है। वहीं दिगम्बर जैन समाज में रोष व्याप्त है और थाना प्रभारी के समक्ष शीघ्र चोरी वारदात का खुलासा करने की मांग की है।

# नशे के एक हजार कैप्सूल सहित दो गिरफ्तार

## हिंदुमलकोट और जवाहर नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले की हिंदुमलकोट और जवाहर नगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग आरोपियों को एक हजार नशे की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। एक आरोपी से तीन और अन्य से सात सौ गोलियां मिली। पुलिस ने दोनों से नशे की गोलियों के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की है।

जवाहर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को संविधान चौक के आसपास के इलाके में नशीली गोलियां बेचने की सूचना मिली थी। इस पर एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में टीम भेजी गई। यहां एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। यह युवक संविधान चौक से ओवरब्रिज की ओर जाने वाले रास्ते पर नशीली गोलियों की बिक्री कर रहा था। रोककर तलाशी ली तो आरोपी के पास तीस पत्तों में रखी 300 गोलियां मिली।

आरोपी ने बताया कि उसका नाम सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू पुत्र प्रभुदयाल है। उसके पास बिक्री राशि साढ़े चार हजार रुपए भी मिले। इसी तरह हिंदुमलकोट थाना पुलिस को गांव तीन बी की रोही में एक व्यक्ति के पास नशीली गोलियां होने की सूचना मिली। इस पर एएसआई सत्यप्रकाश के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। यहां गांव चार बी बड़ी का मंशासिंह उर्फ मंशु उर्फ मच्छर पुत्र दीवानसिंह गोलियां बेचते मिला। उसके पास 700 गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से नशे के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

## भाई-बहन का एक ही दिन निधन

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में जीनगर समाज में एक अनुठी घटना सामने आई। यहां 95 वर्ष से अधिक की उम्र के सगे भाई-बहन का एक ही दिन निधन हो गया। जीनगर घाटी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जवरी लाल डाबी सुपुत्र स्व. प्रतापजी डाबी तथा उनकी बड़ी बहन भंवरी देवी चौहान का देहावसान एक ही दिन हो गया। बहन भंवरी देवी का सुबह पांच बजे देहांत हुआ। बहन के देहांत की खबर भाई जवाहरलाल को दी गई तो सुनते ही छोटे भाई जवाहरलाल का भी देहांत हो गया। दोनों 95 वर्ष से अधिक की उम्र के थे। दोनों का अंतिम प्रतापनगर स्थिति जीनगर समाज के शमशान घाट में संस्कार किया गया। दोनों के अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। समाज के लोगों ने पहले बड़ी बहन भंवरी देवी का अंतिम संस्कार किया।

# अपहरण और गैंगरेप के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

## कोर्ट ने आरोपियों को 71-71 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मां के साथ पड़ौसी की रसोई में मंदिर गई नाबालिग का देर रात शौच जाने के दौरान जबरन अपहरण और गैंगरेप करने के मामले में विशिष्ट न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट संख्या एक देवेंद्र सिंह नागर ने आरोपी को आजीवन कारावास और 71-71 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि पीड़िता ने 16 अप्रैल 2023 को थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि 15 अप्रैल को वह उसकी मां के साथ पड़ौसी प्रेम भील की रसोई में मंदिर गई थी, जहां रात को नारायण भील के बाड़े में सो गए। रात करीब 12.30 बजे वह और प्रेम भील की पत्नी भवरी बाई दोनों बाड़े से थोड़ी दूर शौच करने गए, जहां भवरी बाई शौच कर रही थी और वह हल्की रोशनी के खड़ी हुई थी, इस दौरान दो लड़के वहां आए और उसे पकड़ लिया, वह चिल्लाई तो भवरी भागकर आई और बचाव का प्रयास किया। इस दौरान दोनों युवकों ने उसे धमकी दी, जिसके कारण वो डर के भाग गई और दोनों युवकों ने उसे पास ही जंगल में ले जाकर साथ दुष्कर्म किया।

बचाव के लिए पीड़िता ने एक युवक को जख्मी कर दिया, जिसके बाद दोनों मौके से भाग छूटे। इसके बाद पीड़िता की मां और अन्य लोग जंगल में पहुंचे, जहां उसने आपबीती सबको बताई, लोगों ने वहां पड़ताल की तो मौके पर एक मोबाइल और एक पर्स पड़ा मिला। घटनास्थल पर मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त ओमप्रकाश रेबारी व सत्यनारायण नायक को गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद न्यायालय में चार्जशीट पेश की। ट्रायल के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक कानावत ने 43 दस्तावेज और 17 गवाहों के बयान दर्ज करवाकर आरोप सिद्ध किए। इस पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास और 71-71 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

# सेना के जवान से 9.10 लाख रु. की ऑनलाइन ठगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सेना के एक जवान से सिम कार्ड की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगी हो गई। पीड़ित से अज्ञात ठग ने 9 लाख 10 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की है। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। अब साइबर थाने में आकर परिवाद देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। मामले की जांच साइबर थाना प्रभारी आरपीएस कुलदीप वालिया कर रहे हैं।

साइबर थाना के एचएम महेंद्र कुमार ने बताया कि सूरतगढ़ सैन्य छावनी में तैनात नायक रैंक के सैनिक ने 4 जनवरी को परिवाद दिया है। इसमें पीड़ित ने बताया कि उसके पास जियो कस्टमर केयर के नाम से फोन आया। कॉलर ने केवाईसी अपडेट करवाने को कहा। पीड़ित ने कॉलर के बताए अनुसार फोन पर माई जियो एप डाउनलोड किया। इसके बाद कॉलर के पास पीड़ित की बैंक संबंधी जानकारी पहुंच गई। उसने तीन बार में 5 लाख, 3 लाख और एक लाख 10 हजार रुपए पीड़ित के बैंक खाते से निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सैनिक ने परिवाद में बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर 26 दिसंबर को कॉल आई। कॉलर ने स्वयं को जियो कस्टमर केयर सेंटर से कर्मचारी बोलना बताया। उसने कहा कि आपकी केवाईसी अपडेट नहीं है। सिम बंद हो जाएगी। पीड़ित ने यह फ्रॉड कॉल बताकर काट दी। उसी नंबर से 27 दिसंबर की सुबह फिर कॉल आई। पीड़ित से कॉलर ने फिर केवाईसी अपडेट करवाने को कहा। पीड़ित ने फ्रॉड कॉल समझकर काट दी और केवाईसी नहीं करवाई। 27 रात को ही सिम बंद हो गई, अगले दिन पीड़ित ने खुद ही चलाकर फोन किया पीड़ित सैनिक ने परिवाद में बताया कि 27 दिसंबर की रात को ही पीडि़त की सिम बंद हो गई। इस पर पीड़ित को लगा कि दो दिन से आ रही कॉल जियो कस्टमर केयर से ही थी। केवाईसी अपडेट नहीं होने से सिम बंद हो गई है।

पीड़ित ने 28 दिसंबर को खुद ही चलाकर उसी नंबर पर कॉल करके सिम बंद होने के बारे में बताया। कॉल अटेंड करने वाले ने केवाईसी अपडेट करवाने को कहा। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर फोन में माई जियो एप डाउनलोड किया। जियो एप डाउनलोड होने पर बोले ई-मेल आईडी अपडेट नहीं, अल्टरनेट नंबर देख लिया पीड़ित ने माई जियो एप डाउनलोड किया तो कॉलर ने बताया कि आपका ई-मेल अपडेट नहीं है। पीड़ित ने अपना ई-मेल अपडेट किया तो कॉलर ने इस पर पीड़ित का अल्टरनेट नंबर देख लिया। यह मोबाइल नंबर पीड़ित के बैंक अकाउंट से लिंक था। इसी पर वाट्सएप चलता है। इसके बाद कॉलर ने पीड़ित को बताया कि उनका केवाईसी अपडेट हो गया है। अब सिम कार्ड 10 साल भी बंद नहीं होगा। उसी दिन शाम को करीब 8 बजे पीड़ित के खाते से तीन बार में रुपए कट गए। पीड़ित ने पुलिस परिवाद में बताया कि पीड़ित के बैंक खाते से रुपए कटे तो पीड़ित ने योनो एप खोलकर बैंक खाते की स्टेट्स चेक की। इससे पीड़ित को पता चला कि आरोपियों ने केवाईसी अपडेट करने का बहाना कर पीड़ित के बैंक खाते की एक्सेस अपने हाथ ले ली। पीड़ित के बैंक अकाउंट से 8 लाख रुपए का लोन लेकर रकम पहले खाते में जमा करवाई। फिर उसी खाते से आरोपियों ने 9 लाख 10 हजार रुपए तीन बार में अपने खातों मे ट्रांसफर कर लिए।

पीड़ित ने इसकी साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत पंजीकृत करवाई। इससे रुपए कटने बंद हो गए लेकिन काटे गए रुपए वापस खाते में ट्रांसफर नहीं हो पाए। इस कारण साइबर थाने में परिवाद देकर मुकदमा दर्ज करवाया गया। साइबर थाना पुलिस द्वारा पीड़ित के पास कॉल करने वाले नंबरों तथा जिन खातों में रुपए ट्रांसफर हुए हैं, उनकी डिटेल जुटाई जा रही है।


# गोवंश का सिर मिलने के मामले में दो हिरासत में

**जोधपुर, (कासं)।** गोवंश का सिर मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर मुस्लिम समुदाय ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए दोनों आरोपियों और उनके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को मथानिया सर्कल के पास सुबह आठ बजे धनलक्ष्मी रेस्टोरेंट के पास गोवंश के शरीर के अंश पड़े मिले थे। इसके बाद हिंदू संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर पहुंचे। गोवंश के अंश झाड़ियों में पड़े देख आक्रोशित हो गए थे। इसके बाद बजरंग दल के जिला विशेष संपर्क प्रमुख देवेंद्र गोयल ने मथानिया थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दी थी। मथानिया पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़ लिया। कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिंवरी ने एक लेटर जारी कर कहा है कि समाज को दोनों की गिरफ्तारी से कोई आपत्ति नहीं है। वे हिन्दू समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। मामला जोधपुर के तिंवरी के मथानिया थाना इलाके का शनिवार सुबह आठ बजे का था। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर ही हिरासत में ले लिया। इसके बाद आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मथानिया थाना राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि मामले को लेकर आरोपी साउद और अकरम को तिंवरी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। साउद मजदूरी करता है और अकरम ड्राइवर है। चारण ने बताया कि पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए दोनों आरोपियों को उनके घर से ही दबोचा। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों की पहचान की थी। घटना के बारे में मालूम चलते ही तिंवरी के कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिंवरी ने लेटर जारी कर आरोपियों को समाज से बेदखल कर दिया। लेटर में लिखा कि इस घटना से मुस्लिम समाज तिवरीं को गहरा दुख है और हिंदू समाज के धर्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुंचाने वाले इन आवारा युवकों पर कार्रवाई हो।

# ऑनलाइन ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार




पुलिस ने ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)।** गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है एवं दो मोबाइल जप्त किये है। गोविंदगढ़ थाना पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी सेक्टर ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान एंटीवायरस के तहत गांव शाकीपुर में दबिश देकर विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशन पर चेक टेंशन की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर विभिन्न अनजान लोगों से मोबाइल नंबर पर कॉल एवं व्हाट्सएप पर चैट करके फर्जीवाड़ा कर के लोगों से ऑनलाइन ठगी करने में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनमें अफसर उर्फ मूला पुत्र अलीशेर, आदिल खां पुत्र जाहुल खां को गिरफ्तार किया।

## निलंबन के मामले में टाक को मिली राहत

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता नगर पालिका में फिर हलचल का दौर चला और निलंबित अध्यक्ष गौतम टाक को जोधपुर हाईकोर्ट ने राहत दी है। गौरतलब है कि स्वायत्त शासन विभाग के आदेश के अनुसार पेट के मामले में गौतम टाक को निलंबित किया गया था, इसके खिलाफ गौतम टाक ने जोधपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी जिस पर सोमवार को हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए उसे फैसले पर गौतम टाक को राहत दे दी। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के बाहर जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला ने बताया कि यह सत्य की जीत हुई है सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था और हमें न्याय मिला। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा कांग्रेस प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र बापेड़िया, सत्तू सबलानिया, जीशान कुरैशी, नरेश गोलियां, नूर मोहम्मद, सेवादल जिला अध्यक्ष कुमाराम जाजड़ा, कुलदीप राजपुरोहित, एडवोकेट शेर मोहम्मद देशवाली, कलाम, सोनू शकीरा, अनिल सारस्वत, मुश्ताक मंसूरी, मुकुल पवार आशीष वाल्मीकि इत्यादि मौजूद थे।

# कमजोरी से कोई अधिकार छीन लेगा तो इतिहास माफ नहीं करेगा : डोटासरा

**बांसवाड़ा, (निसं)।** हमारी कमजोरी से कोई हमारे अधिकार छीन लेगा तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा, इसलिये अपने अधिकारों के लिये एकजुट होकर हमें संघर्ष करना होगा। उक्त आव्हान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने बांसवाड़ा को संभाग का दर्जा खत्म किये जाने को लेकर आयोजित रैली, धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में किया। डोटासरा ने कहा कि वागड़ क्षेत्र का इतिहास संघर्ष करने का, पीठ नहीं दिखाने का और समर्पण का रहा है, ऐसे में हमें इस इतिहास को कायम रखना होगा। उन्होंने कहा कि जो आपका साथ दें आप उसका साथ दो। उन्होंने बताया कि चार साल तक संघर्ष करना होगा और अपने अधिकारों के लिये ईंट से ईंट बजानी होगी।

उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा सत्र में हम लोग सरकार को छठी का दूध याद दिला देंगे। उन्होंने आने वाले पंचायत और नगर पालिका चुनाव के लिये कमर कसने का आव्हान किया और कहा कि राजीव गांधी ने पंचायत चुनाव के लिये हर पांच साल में चुनाव का कानून बना दिया था, लेकिन ये लोग संविधान को




बांसवाड़ा को संभाग का दर्जा खत्म किये जाने को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

नहीं मानते और इसकी खिल्ली उड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने से पहले पार्टियां वादा करती है उन्हें पूरा करना चाहिए लेकिन इस सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने तंज कसा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने ऐसे-ऐसे मंत्री बना दिये हैं कि आश्चर्य होता है। शिक्षा मंत्री तो डीएनए जांच की मांग करता है उन्हें शिक्षा की बात आती नहीं, पढ़ने-पढ़ाने और बेटियों को आगे बढ़ाने की बात तो दूर। उन्होंने आव्हान किया कि आज जैसा जोश-जज्बा और जुनून संभाग का दर्जा वापस मिलने तक बरकरार रहना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आज प्रकाश पर्व होने से बड़ा दिन भी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं की आवाज और दर्द नहीं समझती। उन्होंने कहा कि भाजपा फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही है। पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा कि हमें अपने बच्चों के भविष्य के लिये लड़ना होगा। हमारे कई महापुरुषों ने देश के लिये बलिदान दिया ऐसे में हमें अधिकारों के लिये हरसंभव संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि आज उमड़ी जनमैदिनी ने साबित कर दिया कि जनता कांग्रेस के साथ है। उन्होंने उपस्थित जनता को जिला प्रमुख और प्रधान बनाने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए बामनिया ने कहा कि उन्होंने तो वागड़वासियों का सब कुछ छीनकर उन्हें भजन के लिये मजबूर कर दिया है। इस अवसर पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों यानी कि अडाणी, अंबानी की सरकार है। उन्होंने कहा कि आज पढ़-लिखकर वह जिस पद पर पहुंचे

- **बांसवाड़ा को संभाग का दर्जा खत्म किये जाने को लेकर रैली और धरना प्रदर्शन**
- **भाजपा सरकार गरीब, मजदूर, किसान व महिलाओं की आवाज और दर्द नहीं समझती : टीकाराम जूली**

हैं वह कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि यदि बांसवाड़ा संभाग ही रहता तो इस क्षेत्र की जनता को सैकडो किमी. का सफर नहीं करना पड़ता। घाटोल विधायक नानालाल निनामा ने कहा कि कांग्रेस का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि संभाग का दर्जा वापस लेने के लिये पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर आंदोलन करने की स्वीकृति दी जाये। कुशलगढ़ विधायक रमीला खड़िया ने कहा कि हमारे अधिकारों पर डाका डाला गया है ऐसे में भाजपाईयों को गांव में घुसने मत दो।



अगर आप रन नहीं बना सकते, तो कम से कम इंटेंट और आक्रामकता तो दिखाएं। मैं चाहता था कि वह गेंदबाजों को थका दें और गेंद को पुराना कर दें। अपने साथियों की मदद करें और रन ना बनने पर भी डटे रहे। - शुभमन गिल

भारतीय बल्लेबाज, खेल के बारीकियों के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी** राशिद खान



सात विकेट लेने वाले राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं अफगानिस्तान के ही बैटर रहमत शाह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। सीरीज का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। राशिद खान को 7 विकेट अफगानिस्तान से लेग स्पिनर राशिद खान ने दूसरी पारी में 7 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म स्पिनर जिया उर रहमान को 2 विकेट मिले, जबकि एक बैटर रनआउट भी हुआ। राशिद को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे, वहीं राशिद ने बैट से दोनों पारियों में 48 रन भी बनाए।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत टी-20 इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में 200 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई, ऐसा उसने 2024 में किया।

## अफगानिस्तान ने 72 रन से जीता बुलवायो टेस्ट, राशिद को 7 विकेट



बुलवायो, 6 जनवरी। अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरा टेस्ट 72 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज भी 1-0 से अपने नाम कर ली। दूसरी पारी में 7 विकेट लेने वाले राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं अफगानिस्तान के ही बैटर रहमत शाह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। सीरीज का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। राशिद खान को 7 विकेट अफगानिस्तान से लेग स्पिनर राशिद खान ने दूसरी पारी में 7 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म स्पिनर जिया उर रहमान को 2 विकेट मिले, जबकि एक बैटर रनआउट भी हुआ। राशिद को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

उन्होंने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे, वहीं राशिद ने बैट से दोनों पारियों में 48 रन भी बनाए। पहली पारी में 157 रन ही बना सका अफगानिस्तान गुरुवार को जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

अफगानिस्तान टीम पहली पारी में 157 रन ही बना सकी। राशिद खान ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। 7 अन्य बैटर्स ने 10 रन का आंकड़ा पार किया, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। अफगानिस्तान से जिया-उर-रहमान 8 और अहमदजई 2 ही रन बना सके। इस्मात आलम तो खाता भी नहीं खोल सके। जिम्बाब्वे से पहली पारी में सिकंदर रजा और न्यूमैन न्याम्हुरी ने 3-3 विकेट लिए।

ब्लेसिंग मुजरबानी को 2 और रिचर्ड नगारावा को 1 विकेट मिला। जिम्बाब्वे की खराब शुरुआत पहली पारी में जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 41 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। जॉयलॉर्ड गुम्बी 8, बेन करन 15 और डायन मायर्स 5 ही रन बना सके। टी कायतानो खाता भी नहीं खोल सके। सिकंदर रजा ने फिर कप्तान क्रैग इरविन के साथ पारी संभाली। दोनों ने फिफ्टी लगाई और स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। रजा 61 रन बनाकर आउट हुए।

### भारत का अगला टेस्ट कप्तान कौन

नई दिल्ली, 6 जनवरी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 10 साल बाद सीरीज हार का सामना करना पड़ा। सिडनी में रविवार को भारत ने 6 विकेट से पांचवां टेस्ट गंवाया और सीरीज 3-1 से मेजबान टीम के नाम हो गई। कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दोनों सीरीज हार चुके हैं।

रोहित ने पांचवें टेस्ट में खुद को रेस्ट भी दिया, टेस्ट में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उनकी कप्तानी जाना तय है। जसप्रीत बुमराह उप कप्तान हैं, लेकिन उनका इंजर्ड रहना टीम के लिए परेशानी बन सकता है। विराट कोहली 3 साल पहले कप्तानी छोड़ चुके हैं, लेकिन सिडनी में उन्होंने बुमराह की गैरमौजूदगी में बेहतरीन कप्तानी की थी। रोहित का बाहर होना तय क्यों? रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से टेस्ट सीरीज हार गई। भारत 12 साल बाद घर में कोई टेस्ट सीरीज हारा था। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 3 बार कप्तानी की और 2 मैचों में टीम को हार मिली। बारिश के कारण तीसरा मैच ड्रॉ रहा। इसी के साथ भारत को में भी 10 साल बाद सीरीज हार का सामना करना पड़ा। रोहित की कप्तानी जारी रखने में सबसे बड़ा रोल उनकी बैटिंग का भी है। जो इस वक्त बहुत खराब चल रही है। ऑस्ट्रेलिया में वह 31 रन ही बना सके। 2024 में तो वह 10 बार सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हुए। जिस कारण उन्हें सिडनी में खुद को ड्रॉप करना पड़ा। बुमराह और कोहली ने उनसे बेहतर कप्तानी की, ऐसे में रोहित का टेस्ट कप्तान बने रहना बहुत मुश्किल है। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बॉलिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका।

## आयरलैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम का ऐलान, मंधाना को कप्तानी



राजकोट, 6 जनवरी। महिला सिलेक्शन कमेटी ने आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। सोमवार को जारी टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिया गया है। कौर की गैरमौजूदगी में स्मृति मंधाना भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। ऑलराउंडर दीप्ती शर्मा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज 10 जनवरी से शुरू होगी।

तीनों वनडे मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में होंगे।मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 193 रन बनाए पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 और वनडे दोनों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद मंधाना अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना कैरबियाई विमेंस के खिलाफ टी-20 में 193 रन बनाकर टॉप स्कोरर रही थी। उन्होंने 64.33 की औसत और 159.50 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।वहीं वनडे में वह हरलीन देयोल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं।

उन्होंने 88.10 की स्ट्राइक रेट और 49.33 की औसत से 148 रन बनाए। लगभग एक साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाली हरलीन अपनी शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगी। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला वनडे शतक जमाया। दिसंबर में भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 3-0 से सीरीज हराया था। आयरलैंड के खिलाफ इंडियन विमेंस टीम 3 मैच 10, 12 और 15 जनवरी को खेलेगी।

आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों के लिए भारतीय टीम : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।





## ओपन मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन

जयपुर, 6 जनवरी। प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में ओपन मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उदयपुर के साजिद को चैंपियन ऑफ चैंपियन तथा भीलवाड़ा के मध्य प्रदेश के समीर को मोस्ट इंप्रूव का खिताब दिया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष मंसूर खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सभी खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही है।

## 2025 के लिए नए लक्ष्य तय करने शुरू किए : गुकेश



बेंगलुरु, 6 जनवरी। डी गुकेश ने पिछले एक महीने में कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें विश्व चैम्पियनशिप में जीत के बाद हाल में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना शामिल है लेकिन शतरंज का यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब 2025 में 'चुनौतीपूर्ण' वर्ष का सामना करने के लिए अपना ध्यान और लक्ष्य फिर से निर्धारित करना चाहता है। गुकेश 17 जनवरी से नीदरलैंड के विज्क आन जी में शुरू होने वाले टाटा स्टील टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे जिसमें अनीश गिरी, अर्जुन एरिगेसी, फैबियानो कारूआना और आर प्रज्ञानानंद जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी होंगे। गुकेश ने रविवार को वेस्टब्रिज कैपिटल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से कहा, "हां, 2025 काफी चुनौती पेश करेगा। बहुत सारे नए और दिलचस्प टूर्नामेंट होंगे। विश्व चैम्पियनशिप अब बीती बात हो चुकी है। मैं इसे जीतकर और सभी पुरस्कारों से बहुत खुश हूं।" उन्होंने कहा, "लेकिन अब मैंने नये लक्ष्यों, नये टूर्नामेंट और तैयारी के नये तरीकों के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। लक्ष्य और दृष्टिकोण वही रहेगा। अपना सर्वश्रेष्ठ देना, खुद को बेहतर बनाते रहना और जितना संभव हो सके उतने टूर्नामेंट जीतना।" गुकेश ने कहा, "इसलिए मैं बहुत कुछ सीखने, बहुत सारे सुधार करने की उम्मीद कर रहा हूं। उम्मीद है कि बहुत सारे अच्छे नतीजों के साथ यह एक मजेदार साल रहेगा।" हालांकि गुकेश पर विश्व चैम्पियन का 'टैग' होगा और साथ ही बहुत सारी उम्मीदें भी होंगी। लेकिन 19 वर्षीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा, "हां, मैं कुछ समय से सुर्खियों में रहने का आदी हो गया हूं। जाहिर है कि विश्व चैम्पियनशिप के बाद यह और भी बढ़ जाएगा। लेकिन मुझे जो चीजें याद हैं, वे हैं खुद को बेहतर बनाते रहना और असफलताओं को स्वीकार करना।

### विजय हजारे ट्रॉफी नॉक आउट दौर के लिए राजस्थान टीम घोषित

### महिपाल लोमरोर कप्तान व मानव सुथार उपकप्तान

जयपुर, 6 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट संघ ने बीसीसीआई की विजय हजारे ट्रॉफी के नॉक आउट दौर के लिए राजस्थान टीम घोषित की, महिपाल लोमरोर को कप्तानी व मानव सुथार को उपकप्तानी सौंपी गयी। राजस्थान सीनियर टीम :-कार्तिक शर्मा जुबेर अली राजकुमार सैनी दीपक चाहर कमलेश नागरकोठी अनिकेत चौधरी अभिजीत तोमर अमन सिंह शेखावत रजत चौधरी महिपाल लोमरोर (कप्तान) राम मोहन चौहान शुभम गढ़वाल दीपक हुड्डा मानव सुथार (उपकप्तान) अजय कूकना समर्पित जोशी हेमंत कुमार खलील अहमद करण लाम्बा सचिन यादव।





## आई-लौग फुटबॉल प्रतियोगिता का 9 से आयोजन

जयपुर, 6 जनवरी। आईपीएल की तर्ज पर पहली बार वीर भूमि राजस्थान में आयोजित होने जा रही आई-लीग फुटबाल प्रतियोगिता का धमाकेदार आगाज राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के होम ग्राउंड जयपुर में 9 जनवरी 3 बजे से शुरू होने जा रहा है। क्लब के चेयरमैन केके टाक के विशेष प्रयासों के चलते यह लीग राजस्थान के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक शानदार मौका लेकर हाजिर हो रही है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित की जा रही आई लीग में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में जनवरी से लेकर मार्च तक कुल 12 मुकाबले खेले जाएंगे जो कि राजस्थान के फुटबाल प्रेमियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

### राजस्थान राज्य सब जूनियर एवं जूनियर सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता

## जूनियर बालिका वर्ग में जूनियर एवं जूनियर सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता

जयपुर, 6 जनवरी। 4 राजस्थान राज्य सब जूनियर एवं जूनियर सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह नरवा कलां, नागौर में आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रवण राम सियाग, सरपंच, प्रतिनिधि, नारवा कलां, एवम अध्यक्षता गजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व खेल अधिकारी, राजस्थान राज्य खेल परिषद, जयपुर, रमेश सिंह, एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव, हर्षित यादव, तकनीकी अधिकारी एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया, बाबूलाल विश्नोई, तकनीकी अधिकारी एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया, रामू राम, भारतीय टीम कोच, भगवती विश्नोई थे।



इस प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में जयपुर ने नागोर को सेमीफाइनल में 20 तथा बीकानेर ने भीलवाड़ा को 41 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा बीकानेर ने जयपुर को फाइनल में 31 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में नागौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग में नागोर ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान श्रीगंगानगर तथा तृतीय स्थान जयपुर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सब-जूनियर बालिका वर्ग में बालोतरा ने प्रथम स्थान तथा नागोर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### आईसीसी टेस्ट टीमों को दो डिवीजन में बांटने की प्लानिंग

## भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमों की ज्यादा सीरीज होगी

सिडनी, 6 जनवरी। आईसीसी टेस्ट टीमों को 2 डिवीजन में बांटने की तैयारी कर रही है। एक डिवीजन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें होंगी। आईसीसी का प्लान है कि बड़ी टीमें आपस में ज्यादा सीरीज खेलें। इस स्कीम को मंजूरी मिलती है तो 2027 के बाद इसे लागू किया जाएगा। 2027 तक के शेड्यूल पहले से तय हैं। ऑस्ट्रेलियाई अखबार द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार के चेयरमैन जय शाह तीनों बोर्ड (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और) के साथ मिलकर चाहते हैं कि ये तीनों बड़े देश ज्यादा से ज्यादा एक दूसरे के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलें। इससे इन टीमों के बीच हर तीन साल में 5-5 टेस्ट मैचों की दो सीरीज हो पाएंगी। अभी इनकी आपस में दो सीरीज 4 साल में होती हैं। चेयरमैन जय शाह जनवरी के आखिरी सप्ताह में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बैर्ड और इंग्लैड क्रिकेट बोर्ड के चीफ रिचर्ड थॉम्पसन एक मीटिंग कर सकते हैं।

## यूरोपीय टी-20 लीग के मालिक बने अभिषेक बच्चन



मुंबई, 6 जनवरी। बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में पैसा निवेश किया है। वो इस लीग के सह मालिक बनने जा रहे हैं जिसकी आगाज इसी साल होगा। ईटीपीएल ऐसा टूर्नामेंट है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अप्रूव किया है इसमें आयरलैंड, स्कॉटलैंड, नीदरलैंड्स समेत दुनिया भर के टॉप प्लेयर्स खेलते हुए नजर आएंगे। इकॉनमिक टाइम्स के अनुसार, 15 जुलाई-3 अगस्त तक चलने वाली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें डबलिन, बेलफास्ट, एम्स्टरडैम, रोटरडैम, ग्लासगो और एडिनबर्ग शहरों का प्रतिनिधित्व कर रही होंगी। अभिषेक बच्चन जैसी नामी हस्ती के जुड़ने से इस लीग को दुनियाभर में एक अलग पहचान मिलेगी। बच्चन के आने से संभावनाएं हैं कि ज्यादा निवेशकों और साथ ही भारतीय क्रिकेट फैंस को भी रिझा पाएगा।

इस नई पहल को लेकर अभिषेक बच्चन ने खुशी जताते हुए कहा कि, क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है, ये एक ताकत है जो देशों को साथ लाती है। ऐसा बढ़िया प्लेटफॉर्म है, जो क्रिकेट की बढ़ती मांग को बढ़िया तरीके से प्रदर्शित करेगा। क्रिकेट के 2028 ओलंपिक्स में शामिल होने से य लीग इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में और अधिक योगदान देगी।

# हीरानंद कटारिया की कोचिंग में भवानी निकेतन महिला कॉलेज 21 साल तक कबड्डी में चैम्पियन रही, जो कि एक रिकॉर्ड है

## एक ही परिवार के चार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया

जयपुर, 6 जनवरी। एक ही परिवार में जन्मे चार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने किया देश का नाम रोशन, सिरसी रोड बिशनावाला हरि नारायण कटारिया के परिवार में जन्मे पुत्र एवं पोत्रौ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग अलग खेलो में गांव का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। सबसे पहले कबड्डी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हीरानन्द कटारिया 1995 में साउथ एशियन गेम्स मै स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इन्हें राजस्थान का सर्वोच्च खेल सम्मान महाराणा प्रताप अवॉर्ड और गुरु वशिष्ठ अवॉर्ड में सम्मानित किया जा चुका हैं।

वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवमीत कटारिया जिन्होंने एशियन गेम्स 2014 में कोरिया में भाग लिया, 2016 में साउथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता, भारतीय वॉलीबाल टीम का कई बार प्रतिनिधित्व किया और भारतीय टीम के कप्तान भी रहे। इन्हें भी महाराणा प्रताप अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अमित कटारिया अन्तर्राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी जिन्होंने जॉर्जिया यूरोप में इंटरनेशनल वूशु टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता।

राहुल कटारिया अन्तर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ने श्रीलंका में यूथ एशियन वॉलीबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यूथ नेशनल में रजत पदक विजेता, वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वालीबॉल चैंपियनशिप में तीन बार गोल्ड मेडल जीता। प्रो वालीबॉल में खेलने वाले राजस्थान के एकमात्र खिलाड़ी रहे, इन्हें भी राइजिंग स्तर अवॉर्ड से पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया ने सम्मानित किया है। लवमीत और अमित दोनों हीरानन्द कटारिया के सुपुत्र हैं तथा राहुल इनका भतीजा है। इस तरह एक ही परिवार के कटारिया परिवार में जन्मे चार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिन्दुस्तान में एक अमिट छाप छोड़कर भारत देश का गौरव बढ़ाया है।

हीरानंद कटारिया ने कोच के रूप में कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचायां है। कोच हीरानंद कटारिया ने फ्री कोचिंग देकर सुमित्रा शर्मा, शालिनी पाठक, सोनू यादव और जितेंद्र यादव जैसे अनेकों खिलाड़ियों को स्टार बनाया है। कटारिया के कोचिंग की ऐसी कुशल सेवा रही कि भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय कॉलेज 21 साल तक कबड्डी में चैंपियन रही, जो कि यह अपने आप में एक कीर्तिमान है।





सर्वप्रथम बात करें उनकी शिष्या सुमित्रा शर्मा की जिसने एशियन गेम्स 2014 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। उसके चाद शालिनी पाठक ने 2006 में साउथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता और फिर सोनू यादव और जितेंद्र यादव ने मलेशिया वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीता। ऐसे कई सारे उनके शिष्य रहे जिन्होंने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना दमखम दिखाया।

हीरानंद कटारिया ने फ्री कोचिंग देकर यह कारनामा कर दिखाया खिलाड़ी होने के साथ साथ कबड्डी कोच के रूप में "फ्री" सेवाएं देकर एक देश मैं अनूठी मिसाल कायम की। अभी भी गोविंदपुरा सन ब्राइट अकादमी में ग्रामीण प्रतिभाओं को कबड्डी की फ्री सेवाएं दे रहे है। खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, किट, प्रोटीन, घी, गरीब बच्चों के फीस तक भी अदा करते है। यहां तक की नोकरी में भी उनकी मदद करते हैं। डाक विभाग में 7 महिला खिलाड़ियों को जॉब दिलाई। हीरानंद कटारिया तन- मन-धन से खिलाड़ियों के लिए सहायता करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में मुख्यमंत्री निवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है।*

# बैंक ऑफ बड़ौदा व बैंक ऑफ महाराष्ट्र से राज्य के लिये बड़े ऋण का एम.ओ.यू.

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने दोनों बैंकों के सहयोग को बुनियादी ढांचे की मजबूती में मील का पत्थर बताया

- **बैंक ऑफ बड़ौदा राज्य की ऊर्जा, सड़क, पेयजल व स्वच्छता आदि की विभिन्न परियोजनाओं के लिये अगले 6 वर्ष 20 हजार करोड़ रूपए प्रति वर्ष के ऋण प्रदान करेगा।**
- **इसी तरह बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी अगले 6 वर्ष 10 हजार करोड़ रूपये के ऋण राजस्थान सरकार को उपलब्ध करायेगा।**

जयपुर, 6 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के तहत भविष्य के लिए दस संकल्प निर्धारित किए गए हैं। इन संकल्पों में बुनियादी ढांचे का विकास करना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर पर पहुंचाना भी शामिल है।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ राज्य सरकार के दो एमओयू हस्ताक्षरित करने के अवसर पर बोल कर रहे थे। इन एमओयू के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह वर्षों यानी 31 मार्च 2030 तक, प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रूपये का ऋण प्रदान करेगा। इसके साथ ही, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी प्रति वर्ष 10,000 करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराएगा। यह धनराशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग में ली जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे देश के प्रतिष्ठित बैंक अब राजस्थान की विकास यात्रा में भागीदार बनने जा रहे हैं। हमारे प्रदेश के आधारभूत ढांचे को सशक्त करने की दिशा में, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का यह सहयोग एक बड़ा कदम है और आज का यह समझौता प्रदेश के बुनियादी ढांचे की मजबूती में मील का पत्थर साबित होगा।

शर्मा ने कहा कि आज की साझेदारी राज्य के विकास और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी तथा विकसित भारत 2047 एवं विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के अनुरूप, राज्य सरकार प्रदेश के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश की परिकल्पना के साथ कार्य कर रही है। दोनों बैंकों के साथ सम्पन्न एमओयू राज्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के भागीरथ प्रयास हैं।

इस अवसर पर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वित्त (बजट) देबाशीष पृष्टी, बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ देबदत्त चंद, कार्यकारी निदेशक ललित त्यागी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक रोहित ऋषि सहित दोनो बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कैनडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने इस्तीफा दिया

## उनकी पार्टी के सांसदों का कई महीनों से ट्रूडो पर प्रधानमंत्री पद छोड़ने का दबाव था

- **प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर यह आरोप था कि नेशनल मुद्दों पर से जनता का ध्यान हटाने के लिये वे भारत विरोधी एजेण्डा चला रहे थे।**

टोरंटो, 06 जनवरी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस्तीफा दे दिया है। ट्रूडो ने सोमवार को देश को संबोधित करके पद छोड़ने का ऐलान किया। ट्रूडो ने कहा, "मैं लिबरल पार्टी के नेता और पीएम पद छोड़ने का ऐलान करता हूं। मुझे लगता है कि मैं 2025 के इलेक्शन के लिए लिबरल पार्टी की तरफ से अच्छा ऑप्शन नहीं हूं।" कनाडाई न्यूज सीबीसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ट्रूडो प्रधानमंत्री के पद पर तब तक पद पर बने रहेंगे, जब तक उनका उत्तराधिकारी चुन नहीं लिया जाता। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद ऐसा माना जा रहा है कि तय समय से पहले चुनाव की मांग हो सकती है।

ट्रूडो पर उनकी लिबरल पार्टी के सांसदों की तरफ से कई महीनों से पद छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। बीते दिनों डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रूडो सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए पद छोड़ दिया था। इसके बाद ट्रूडो पर दबाव बढ़ गया था। ट्रूडो पर नेशनल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भारत विरोध एजेंडा चलाने का आरोप भी है।

कनाडाई नागरिकों को संबोधित करते हुए जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "मेरी तमाम कोशिशों को बाद भी, संसद कई महीनों तक पैरालाइज्ड रही। लेकिन, मैं एक फाइटर हूं। मुझे मेरे देश कनाडा की फिक्र है और रहेगी। मैं अपने देश की बेहतरी के लिए लड़ता रहा हूं। ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।"

जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "लिबरल पार्टी के भीतर आंतरिक लड़ाइयां थीं, जिसके कारण मुझे पार्टी प्रमुख और कनाडाई पीएम के रूप में पद छोड़ने का फैसला लेना पड़ा।" 53 वर्षीय ट्रूडो ने कहा, "मैंने मेरी पूर्व पत्नी और बच्चों के साथ लंबी चर्चा के बाद पीएम पद छोड़ने का फैसला लिया है।"

दरअसल, बीते कुछ सालों में जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी में विद्रोह की आवाज तेज हुई है। सियान कैसी और केन मैक्डोनाल्ड सहित, पार्टी के कई हाई प्रोफाइल सांसद सार्वजनिक तौर पर जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ अपनी राय दे चुके हैं। इन सांसदों ने अपने प्रधानमंत्री के बयानों और फैसलों को गलत बताया है, उनकी लीडरशिप पर सवाल उठा चुके हैं। पार्टी की ओर से ट्रूडो पर पीएम पद छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। कनाडा की सत्ताधारी लिबरल पार्टी के कई नेताओं का आरोप है कि जस्टिन ट्रूडो भारत के खिलाफ आरोप लगाकर सरकार की नाकामी छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के मुताबिक, लिबरल पार्टी के कम से कम 20 सांसदों ने जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे को लेकर एक पिटीशन पर साइन किए हैं।

कनाडा के लोगों में ट्रूडो सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस नाराजगी की सबसे बड़ी वजह आर्थिक अस्थिरता और बढ़ती महंगाई है। यहां खाने-पीने और रहने का खर्चा बढ़ता ही जा रहा है।

इसके साथ ही, पिछले कुछ समय से कनाडा में कट्टरपंथी ताकतें तेज हुई हैं। खालिस्तानी हमलों और गतिविधियों से भी लोग परेशान हैं।

अप्रवासियों की बढ़ती संख्या और कोविड-19 के बाद बने हालातों के चलते, ट्रूडो को राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रोहिणी (दिल्ली) ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक अन्य पोस्ट में कहा गया, "जब टैलिप्रॉम्पटर फेल होता है तो फर्जी वक्ता की बोलती बंद हो जाती है। इस फेंकू की हर बात फेक (फर्जी) है।"

एक और ट्वीट आई, "जितनी चाबी भरी राम ने....... अरे उतना चले खिलौना।"

दूसरे यूज़र ने लिखा, "हमने टैलिप्रॉम्पटर प्रधानमंत्री को चुना है। टैलिप्रॉम्पटर के बिना मोदी वैसी ही हैं, जैसे ई.वी.एम. के बिना भाजपा।"

एक अन्य यूज़र ने कहा, "एक देश, दो टैलिप्रॉम्पटर, दोनों फेल हो गए।"

एक यूज़र बोला, "जैसे दिल्ली में भाजपा फेल हुई, वैसे ही मोदी जी का टैलिप्रॉम्पटर फेल हो गया। लेकिन, कोई चिंता नहीं, पिछले चार सालों में मोदी जी ने अपनी छवि सुधारने के लिए जनता का 4,300 करोड़ रूपया खर्च किया है।"

एक ने कहा, "टैलिप्रॉम्पटर फेल हो गया, पर क्या दिमाग भी फेल हो गया। अरे भाई, आप 8,000 करोड़ रूपए का एयरोप्लेन खरीद सकते हैं, एक अच्छा टैलिप्रॉम्पटर भी खरीद लीजिए।"

एक यूज़र की पोस्ट में नेहरू फिर वापस आ गए। उसने लिखा: "आखिरकार वो नेहरू ही थे जिन्होंने टैलिप्रॉम्पटर का तार काटा, जिसके कारण महान वक्ता मोदी जी भाषण के बीच में ब्लैंक हो गए।"

# युवा राजद ने पटना में आक्रोश मार्च निकाला

- **वे बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं।**

गया, 06 जनवरी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला।

युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शहर के गांधी मैदान से आक्रोश मार्च निकाला,जो विभिन्न सड़क मार्ग से होते हुए शहर के टावर चौक पहुंचा। टावर चौक के समीप कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका, साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

राजद प्रवक्ता गोपाल कृष्ण उर्फ जुगनू यादव ने कहा कि बीपीएससी जैसी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाता है, इससे बड़ी हास्यास्पद बात क्या होगी। अब और परीक्षाओं की क्या स्थिति होगी, यह स्वयं समझा जा सकता है।

बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आ ान पर छात्र राजद और युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने कुमार का पुतला फूंकने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के मामले पर जो लोग आमरण अनशन कर रहे हैं, उन पर भी सरकार दमनकारी अभियान चला रही है। यह कहीं से सही नहीं है। छात्र राजद और युवा राजद इसकी घोर निंदा करती है।

### एलन मस्क ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा नहीं कर पाए और इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी साथ खड़े नहीं हुए।

मस्क ने एक्स पर ऐसी ऑफिशियल रिपोर्ट्स का हवाला दिया और कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी संस्थाएं पूर्णतया विफल रही हैं।

मस्क की ब्रिटिश प्रधानमंत्री और ब्रिटिश सरकार की संस्थाओं की आलोचना का मूल यह है कि इनकी विफलता के कारण सालों से बच्चों का योन शोषण हो रहा है। रंगभेद का ठप्पा लगने और अपराधियों के मूल का उल्लेख करने के डर के कारण, उन्होंने दशकों तक बच्चों का यौन शोषण होने दिया। इसमें ब्रिटिश सरकार की कुछ रिपोर्ट्स का हवाला दिया, जिनमें पाकिस्तानियों द्वारा बच्चों के यौन शोषण की घटनाएं हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2019 से 2022 के बीच 15,000 बच्चों का यौन शोषण हुआ था।

# नक्सलियों के विस्फोट में नौ जवान शहीद हुए

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर सुरक्षा बलों के एक वाहन को उड़ा दिया

- **विस्फोट इतना भयंकर था कि मौके पर 15 फिट गहरा गड्ढा बन गया। बस्तर के आईजी ने आठ जवान और एक ड्राइवर के शहीद होने की पुष्टि की।**

बीजापुर, 06 जनवरी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर से दूर कुटरू मार्ग पर नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों के एक वाहन को उड़ा दिया जिससे नौ जवान शहीद हो गए तथा कुछ जवान घायल हो गये। इससे पहले मुठभेड़ में महिला माओवादी समेत पांच नक्सलियों को ढे र कर सोमवार अपराह्न लौटते समय नक्सलियों ने शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का विस्फोट किया। नक्सलियों ने यह हमला बीजापुर जिले के कुटरू-बेद्रे रोड पर उस वक्त किया, जब दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर की संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन करके वापस लौट रही थी।

विस्फोट इतना भयंकर था कि इसके कारण मौके पर 15 फीट का गड्ढा बन गया। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने इस हादसे में आठ जवान और एक ड्राइवर के शहीद होने की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर व कोंडागांव की डीआरजी टीमों के साथ स्पेशल टास्क फोर्स के जवान भी शामिल थे। कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर ले जाया गया है।

बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा था। सोमवार को सुबह टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। कुछ सूत्रों ने घायल जवानों की संख्या में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा किये गये विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड के जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जवानों को खोने की सूचना से अत्यंतु दुखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।

### डूंगरपुर में 2 माह के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया था, लेकिन अब बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टर ने बताया कि इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है।

सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि बच्चा रीछा गांव का रहने वाला हैं। बच्चे के परिजन अहमदाबाद में उसके साथ हैं। गांव में एक मेडिकल टीम को भेजा है, जो घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। वहीं, सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि विभाग को मिली सूचना के अनुसार, रिछा गांव में 2 माह के बच्चे का एचएमपीवी वायरस से संक्रमित होना बताया गया। ऐसे में चिकित्सा विभाग का दल जांच करने पहुँचा। दल ने जांच में पाया कि बच्चे का जन्म 23 अक्टूबर को मोडासा के निजी अस्पताल में हुआ था बच्चे में निमोनिया के लक्षण थे, बच्चे के स्वस्थ होने पर पिता उसे नानी के घर भीलूडा लेकर आ गए। 24 दिसम्बर को बच्चे को खांसी, जुखाम, बुखार व सर्दी लगने की समस्या हुई। ऐसे में इलाज के लिए बच्चे के माता-पिता उसे 26 दिसम्बर को अहमदाबाद के निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसका इलाज किया गया और निजी लेब में सैम्पल की जांच की गई। बच्चा एमएसपी वायरस से ग्रसित था। यह एक सामान्य वायरस है। 5 जनवरी को बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। चिकित्सा विभाग के दल द्वारा क्षेत्र के आस-पास निगाह रखी जा रही है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि यह वायरस साल 2001 से मौजूद है, लेकिन इसका प्रभाव सामान्य रहा है। इस वायरस से मौत का कोई मामला और चिंताजनक स्थिति सामने नहीं आई है।

# फिरोजाबाद में बंद पड़े मंदिरों को हिंदूवादी संगठनों ने खुलवाया

## जिले के रसूलपुर व रामगढ़ के मुस्लिम इलाकों में ये मंदिर गत 30 साल से बंद थे

- **नगर मजिस्ट्रेट के अनुसार मंदिर 60 साल पुराना है। मकान बेचने वाला परिवार दूसरी जगह बस गया तब से मंदिर पड़ा था।**

फिरोजाबाद, 06 जनवरी। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के रसूलपुर और रामगढ़ क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अर्से से बंद पड़े हनुमान और शिव मंदिरों को हिंदूवादी संगठनों की पहल पर जिला प्रशासन ने खुलवाया। जिला प्रशासन ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

संभल, बदायूं और मुरादाबाद के बाद, फिरोजाबाद में भी करीब 60 वर्ष पुराने मंदिर, जो लगभग 30 सालों से बंद पड़े थे, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा ताला तोड़कर उन मंदिरों की साफ-सफाई कराई गई।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा थाना रसूलपुर क्षेत्र में पुराना रसूलपुर आबादी के गली नंबर 8 में एक बंद पड़े हुए मंदिर की जानकारी जिला प्रशासन को दी गई। नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने अपनी मौजूदगी में ताला तुड़वाया।

नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार के अनुसार, मंदिर पर एक पत्थर लगा हुआ है, जिस पर विक्रम संवत 2020 मे मंदिर का निर्माण करने वाले रामदयाल लालाराम और पंचम सिंह के नाम अंकित हैं। मंदिर के अंदर हनुमान जी की क्षतिग्रस्त प्रतिमा मिली है। हिंदूवादी संगठनों ने अंदर की साफ-सफाई कर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

वहीं, सोमवार को थाना रामगढ़ क्षेत्र में 60 फुटा रोड पर नूरी मस्जिद के पास भी एक बंद पड़े हुए शिव मंदिर की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आदि संगठनों के नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर की साफ-सफाई कराई।

### 'कांग्रेस दिल्ली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं, "गृह ज्योति स्कीम" में 200 यूनिट बिजली निशुल्क दी जा रही है तथा "गृह लक्ष्मी योजना" के अन्तर्गत, प्रत्येक महिला को 2,000 रूपए दिये जा रहे हैं। करीब-करीब सभी महिलायें इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं।"

दिल्ली-प्रभारी निज़ामुद्दीन ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले, "प्यारी दीदी योजना" कांग्रेस की पहली गारंटी है।

उन्होंने कहा, "प्यारी दीदी योजना" चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रथम गारंटी है। कांग्रेस समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है।"

भाजपा पर प्रहार करते हुये उन्होंने कहा, "भाजपा के झूठे वादों से सभी परिचित हैं- चाहे बैंक खातों में 15 लाख रु. डालने का वादा हो, चाहे युवाओं को रोजगार देने का वादा है। लेकिन भाजपा की तरह, झूठ नहीं बोलती है। जहाँ हमारी सरकार है, वहाँ हम जनता के हर वर्ग, खास तौर से महिलाओं की बेहतरी के लिये कार्य कर रहे हैं।"

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने भी दिल्ली की सत्ता में आने के बाद "प्यारी दीदी योजना" लागू किये जाने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में भी सत्ता में आने के बाद, कांग्रेस ने अपनी सभी गारन्टियाँ पूरी की हैं।

### उच्चाधिकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

द्वारा समिति के सदस्यों और किसान नेताओं के बीच बैठक के बारे में सूचित किए जाने के बाद सुनवाई टालते हुए मौखिक रूप से कहा, हमें उम्मीद है कि इससे कुछ सकारात्मक निकलेगा। पीठ के समक्ष सिब्बल ने प्रदर्शनकारी और उच्चाधिकार प्राप्त समिति (शीर्ष अदालत की ओर से गठित) के प्रमुख अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति नवाब सिंह से आज मुलाकात होने संबंधी जानकारी दी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले पर 10 जनवरी को विचार करने से पहले समिति और अन्य को परिणाम से अवगत कराने को कहा। डल्लेवाल 26 नवंबर से पंजाब हरियाणा के खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। शीर्ष अदालत ने कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने वाले कानून बनाने समेत किसानों की अन्य मांगों को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह के नेतृत्व में एक समिति गठित की थी। न्यायमूर्ति सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त इस समिति का गठन दो सितंबर को किया गया था।

# चीनी वायरस के अब तक भारत में 5 मामले सामने आये

- **बेंगलुरु के दो, गुजरात के एक तथा तमिलनाडु के दो मामलों में वायरस की पुष्टि हुई।**

नई दिल्ली, 06 जनवरी। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) बहुत तेजी से फैल रहा है। यह वायरस अब धीरे-धीरे भारत में भी पैर पसारने लगा है। भारत में अब तक इस वायरस के पांच केस सामने आ चुके हैं। बेंगलुरु में दो मामलों के बाद गुजरात के अहमदाबाद में भी 2 महीने के एक बच्चे की रिपोर्ट पॉज़िटिव आई है। तमिलनाडु में भी दो बच्चों में एचएमपीवी की पुष्टि हुई है। इसमें से एक चेन्नई का मामला है और दूसरा सलेम जिले का। सरकार ने बताया कि दोनों की स्थिति स्थिर है और दोनों पर निगरानी रखी जा रही है।

तमिलनाडु के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चेन्नई में जिल दो बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि हुई है उनका इलाज किया जा रहा है तथा इससे संबंधित विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। अहमदाबाद के बच्चे में सर्दी और बुखार के लक्षण हैं। निजी अस्पताल की एक लैब के अनुसार, बच्चे की एचएमवीपी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चा मोडासा के नजदीक एक गांव का रहने वाला है।

# द्रमुक सरकार को एक के बाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने सरकार से बार-बार कहा कि राष्ट्र गीत को महत्व दिया जाए, पर सरकार ने एक नहीं सुनी और राष्ट्रगीत के अपमान की वजह से राज्यपाल ने सदन से बहिर्गमन किया।

पोस्ट में लिखा है कि "सदन में जब राज्यपाल आए तो राज्य गीत तमिल थाई वायतू गाया जा रहा था। राज्यपाल ने सदन को संवैधानिक कर्तव्यों की याद दिलाई और मुख्यमंत्री, जो सदन के नेता हैं, तथा स्पीकर से कहा कि राष्ट्र गीत गाया जाए तो उन्होंने इन्कार कर दिया। यह गंभीर चिंता का विषय है।

राज्यपाल संविधान और राष्ट्रगीत के अपमान का हिस्सा नहीं बन सकते थे, इसलिए क्षुब्ध होकर वे सदन से बाहर आ गए।"

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा राज्यपाल ने, लगता है, सदन को संबोधित करने की संवैधानिक प्रक्रिया का उल्लंघन करने की परम्परा बना ली है। सरकार द्वारा तैयार भाषण पढ़ना राज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है।

अब यह स्पष्ट है कि द्रमुक इसे मुद्दा बनाएगी। स्टालिन ने राज्यपाल के व्यवहार पर एक्स पर लिखा कि "राज्यपाल का व्यवहार बेहद बचकाना है, पहले तो वे भाषण में मनमाने तरीके से कटौती कर देते थे और इस बार तो वे बिना भाषण पढ़े ही चले गए। राज्यपाल लगातार तमिलनाडु की जनता का, जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का, और 100 साल पुरानी तमिलनाडु विधानसभा का अपमान कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्ति पद पर क्यों है, जो अपनी राजनैतिक और कानूनी जिम्मेवारियां निभाना नहीं चाहता है? यह सवाल सभी के दिल में है।"

अब राज्यपाल के एक्शन के बाद सरकार अन्ना युनिवर्सिटी में हुए बलात्कार कांड से जनता का ध्यान हटाने में सफल हो सकती है। सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष में इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी हुई।

सत्ता पक्ष का कहना है कि राज्यपाल सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। जिन कमियों की वजह से अन्ना युनिवर्सिटी में यह घटना हुई, उसके लिए राज्यपाल जिम्मेदार हैं। विपक्ष ने भी सवाल किए "कौन है "सर", जिसके पोस्टर चेन्नई में लगे हैं। विपक्ष ने सरकार से कहा कि बलात्कार कांड के दूसरे आरोपी को पकड़ा जाए।

नारेबाजी के बीच राज्यपाल रवि ने पहले राष्ट्रगीत और फिर राज्य गीत बजाने को कहा, पर पहले राज्य गीत बजाया गया तो उन्होंने राष्ट्रगीत व संविधान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए वॉक आउट कर दिया। कांग्रेस ने भी राज्यपाल के इस कृत्य की आलोचना की।

नारेबाजी के दौरान, स्पीकर ने मार्शल बुलवाकर अन्ना द्रमुक सांसदों को बाहर निकाल दिया और राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ दिया। स्पीकर ने सरकार का बचाव किया व कहा कि राष्ट्र गीत से पहले राज्य गीत बजता है, यही परम्परा है। गत वर्ष फरवरी में भी राज्यपाल ने अभिभाषण की विषय वस्तु के मुद्दे पर सदन को संबोधित नहीं किया था। बाद में संशोधित अभिभाषण को उन्होंने स्वीकार किया। इससे पहले भी आर.एन. रवि ने सदन से वॉक आउट किया था।

### दिल्ली में भाजपा की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मीटिंग करेंगे।

आर.एस.एस. के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा, "जैसा महाराष्ट्र और हरियाणा में किया था, आर.एस.एस. अपने विभिन्न संगठनों के माध्यम से पूरे राज्य में सैकड़ों मीटिंग आयोजित करेगी। उदाहरण के लिये, "लघु उद्योग भारती", जो लघु, छोटे एवं मध्यम दर्जे के उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करता है, व्यापारियों एवं उद्यमियों के साथ मीटिंग करेगा, "सेविका समिति" की स्वयंसेविकाएं महिला मतदाताओं से सम्पर्क करेंगी, "सेवा भारती" के कार्यकर्ता, जो जे.जे. क्लस्टर्स में काम कर रहे हैं, आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के साथ संवाद करेंगे।"

आर.एस.एस. और भाजपा के वरिष्ठ नेता पिछले महीने से परस्पर समन्वय कर रहे हैं ताकि पार्टी के प्रचार-अभियान की रूपरेखा बनाई जा सके। जिसमें अवैध अप्रवासन केन्द्रीय बिंदु रहेगा।

उपरोक्त व्यक्ति ने कहा, "आर.एस.एस. के पास अवैध अप्रवासन की जाँच करने एवं रोकने के लिये स्पष्ट एजेंडा है। दिल्ली में, अवैध रूप से आकर बस जाने वालों का मुद्दा दशकों से चला आ रहा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह समस्या म्याँमार और बाँग्लादेश से आये उन लोगों के कारण ज्यादा विकट हो गई है, जो वैध स्वीकृति के बिना शहर में न केवल रह रहे हैं, बल्कि कुछ लोगों ने तो पैसे देकर वोटर कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की व्यवस्था भी कर ली है, जिसके कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी पैदा हो गई हैं।"

### भारतीय संविधान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विधि विश्वविद्यालय, यानी नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के साथ मिलकर हिंदी भाषा में भारतीय संविधान पर पाठ्यक्रम शुरू किया।

इस ऑनलाइन पाठ्यक्रम में 15 वीडियो में हमारे संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम लोगों को संविधान के सार, इसकी ऐतिहासिक यात्रा और आधुनिक भारत को आकार देने में इसकी भूमिका की गहरी समझ प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

इस पाठ्यक्रम को हिंदी में पेश करने का निर्णय इसे व्यापक रूप से दर्शकों तक पहुंचने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहल केवल शिक्षा के बारे में नहीं है बल्कि यह सशक्तिकरण के बारे में है।

यह प्रत्येक व्यक्ति को हमारे लोकतंत्र की नींव के बारे में जानने, अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझने तथा मजबूत और अधिक समावेशी भारत के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908